श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 203, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 22 अगस्त 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

'कल्याण सिंह ने श्रीराम के लिए छोड़ी थी राजगद्दी'

पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल कल्याण सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अर्पित की श्रद्धांजलि

अलीगढ़। श्रद्धेय बाबू कल्याण सिंह जी ने अपने लिए राजगद्दी प्राप्त करने से महत्वपूर्ण प्रभु श्रीराम के चरणों में उसको समर्पित करने का कार्य किया था। राममंदिर के लिए जो अभियान 1990 से लेकर 1992 और उसके बाद तक चला, उसी का परिणाम है कि आज प्रभु श्रीराम की पावन जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। जब जनवरी 2024 में पांच सौ वर्षों का इंतजार समाप्त करके भगवान श्रीराम अपने भव्य मंदिर में विराजमान होकर हमें आशीर्वाद दे रहे होंगे तो श्रद्धेय बाबूजी की आत्मा को असीम संतुष्टि मिलेगी। उनकी आत्मा हमें आशीर्वाद देगी कि जिस कार्य के लिए उन्होंने राजसत्ता को छोड़ा था, आज वो सपना साकार हुआ है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यपाल कल्याण सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान कहीं। बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे।

एकात्म मानववाद के अनुसार था बाबूजी का जीवन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रद्धेय बाबू कल्याण सिंह को जब भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद पर विचार व्यक्त करने का अवसर मिला तो उन्होंने हर बार इस बात को स्पष्टता के साथ कहा कि पेट को आहार, मन को प्यार, मस्तिष्क को विचार और आत्मा को संस्कार का समुच्चय ही एकात्म मानववाद है। इसी के अनुसार कल्याण सिंह ने अपना जीवन जिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धेय बाबूजी की आज द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर हम हिन्दू गौरव दिवस के रूप में उन्हें स्मरण कर रहे हैं। हम सब इस बात को जानते हैं कि पहली बार 1991 में जब कल्याण सिंह जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार बनी तब प्रदेश में सुरक्षा और सुशासन का माहौल बना। विश्व उद्यमिता दिवस पर भारत के करोड़ों उद्यमियों को इस बात के लिए बधाई दी कि आज पूरी दुनिया में मेक इन इंडिया की धमक बढ़ी है

बाबू जी के काम को तेज गति से आगे बढ़ा रहे हैं प्रधानमंत्री मोदी: शाह

अलीगढ़। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कल्याण सिंह (बाबू जी) पिछड़ों और गरीबों की असीम संवेदना के प्रतीक थे। बाबू जी ने कभी जातिवाद की बात नहीं की बल्कि पिछड़ी जातियों को संबल प्रदान करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी भारतीय पिछड़ा जाति आयोग को संवैधानिक दर्जा देकर पिछड़ी जातियों को सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि वो वक्त था, जब राम भक्तों का सैलाब अयोध्या में उमड़ पड़ा। लोगों ने दबाव बनाया कि गोलियां चलाकर कार सेवकों को रोका जाना चाहिए। बाबूजी ने बड़ा निर्णय लिया कि मैं गोली नहीं चलाऊंगा, मैं मुख्यमंत्री पद त्याग दूंगा। ये बड़ा बलिदान था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह जी की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछड़ा समाज के कल्याण के लिए बाबू जी ने जिन कार्यों की शुरूआत की थी, 2014 से प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हीं कार्यों को आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी श्री रामजन्मभूमि के मामले को लटका कर रखी थी, जिसका निराकरण प्रधानमंत्री मोदी की सरकार में हुआ। गरीब कल्याण, पिछड़ों को सम्मान और राम मंदिर के अधूरे काम को नौ वर्षों में अंजाम तक पहुंचाने का कार्य किया।

हिन्दू मंदिरों की पुण्यगाथा बताएगा अयोध्या का मंदिर संग्रहालय

लखनऊ। श्रीराम जन्मभूमि पर निमार्णाधीन भव्य मंदिर आकार लेने लगा है। वहीं देश के अन्य मंदिरों का कायाकल्प करते हुए उन्हें भव्य स्वरूप प्रदान करने का कार्य भी हो रहा है। वाराणसी में श्रीकाशी विश्वनाथ धाम हो, उज्जैन का महाकाल मंदिर हो या केदारनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर, आस्था और विरासत का सम्मान तो हो ही रहा है, सनातन धर्म के गौरव को पुनर्प्रतिष्ठापित करने का महाअभियान भी इसके जरिए तेज गति से आगे बढ़ रहा है। इसी कड़ी में योगी सरकार देशभर के मंदिरों की गौरवगाधा को प्रदर्शित करने वाला विशाल संग्रहालय बनाने जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर यूपी पर्यटन विभाग इसे लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने में जुट गया है। इस मंदिर संग्रहालय का निर्माण प्रभु श्रीराम की नगरी आयोध्या में किया जाना है। ...क्योंकि संस्कृतियों की अभिव्यक्तियां भी हैं भारतीय मंदिर

सनातन धर्म दुनिया का सबसे प्राचीन धर्म है। आम धारणा के विपरीत सनातन धर्म किसी एक विशेष संप्रदाय तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसे संप्रदायों के समुच्चय के रूप में माना जाता है। सनातन धर्म एक व्यापक विचारधारा वाली समझ है। इसमें पूजा, आराधना और अपने ईष्ट से जुड़ने के भी कई मार्ग हैं। भारत के कोने कोने में फैले असंख्य मंदिरों के जरिए सनातन धर्म और इसकी विविधता को सदियों से अभिव्यक्ति मिलती रही है।

उत्तराखंड के टिहरी में लैंडस्लाइड, 3 बच्चे दबे

देहरादूनः उत्तराखंड के टिहरी में सोमवार को लैंडस्लाइड हो गई। स्थानीय लोगों के मुताबिक, मलबे में दो से तीन बच्चे दबे हो सकते हैं। रेस्क्यू जारी है। मलबे में कई गाड़ियां भी फंसी हैं। उधर देहरादून में प्रसिद्ध टपकेश्वर महादेव मंदिर का एक हिस्सा तेज बारिश में ढह गया। मंदिर जाने का रास्ता कुछ देर के लिए बंद हो गया था। वहीं हिमाचल प्रदेश के कोल डैम में देर रात एक नाव कोल डैम में फंस गई थी। नाव में पांच फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के अधिकारी और पांच स्थानीय सवार थे। टीम ने तीन घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। मंडी के उद्द के मुताबिक, रेस्क्यू ऑपरेशन सोमवार सुबह 3 बजे खत्म हुआ। मौसम विभाग ने हिमाचल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड सहित देश के सात राज्यों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। हिमाचल में 22-24 अगस्त तक तेज बारिश होगी।

संविदा कर्मचारी के रूप में पिछली सेवा को पेंशन के लिए ध्यान में रखा जाएगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में हिमाचल प्रदेश के मामले में दिये अपने एक अहम फैसले में कहा है कि पेंशन के लिए संविदा कर्मचारी यानी कंट्रिक्ट वर्कर के रूप में की गई सेवा को ध्यान में रखा जाएगा। कोर्ट ने नियम कानूनों की व्याख्या करके हिमाचल प्रदेश सरकार को निर्देश दिया है कि वह नौकरी में नियमित किये गए संविदा कर्मचारियों को नियम के मुताबिक विकल्प अपनाने का मौका देगी और सारी प्रक्रिया चार महीने में पूरी करके शिक्षा और आयुर्वेदिक विभाग के ऐसे कर्मचारियों की पेंशन या परिवार पेंशन जैसा भी मामला हो, आदेश जारी करे। न्यायमूर्ति एस रविन्द्र भट व अरविन्द कुमार की पीठ ने गत सात अगस्त को हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ दाखिल हिमाचल प्रदेश सरकार की याचिका खारिज करते हुए और बहुत सी अन्य याचिकाएं निपटाते हुए दिया। हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट ने संविदा कर्मचारी के रूप में पिछली सेवा को पेंशन के लिए ध्यान में रखने का आदेश दिया था।

'मिसाइल से संगीत तक, कई बड़ी ऊंचाइयां तक पहुंची महिलाएं'

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को एक कार्यक्रम के दौरान 'नारी शक्ति' की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने कई बाधाओं को पार करते हुए मिसाइल से लेकर संगीत तक विभिन्न क्षेत्रों में महान ऊंचाइयों को छुआ है। राष्ट्रपति मुर्मू एक मानेकशॉ सेंटर में आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन (एडब्ल्यूडब्ल्यूए) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा, "मैं सभी 'वीर नारियों' को उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करती हूं और अहहअ के प्रयासों की सराहना करती हूं।"

कई वीर नारियों ने सुनाई अपनी कहानियां

कार्यक्रम के दौरान, एक आर्मी मैन से शादी करने वाली झारखंड की एक शिक्षिका, जो एक 'वीर नारी' हैं, उन्होंने अपने जीवन की गंभीर और दर्दनाक कहानियां सुनाई और बताया कि कैसे उन्होंने अपने दृढ़ संकल्प और लचीलेपन की भावना के साथ बाधाओं पर विजय प्राप्त की।

'इन कहानियों से कांप गई रुह'

मुर्मू ने कहा, "हमने आज दो महिलाओं की दर्दनाक कहानियां सुनीं, बल्कि हमें यह कहना चाहिए कि धैर्य और दृढ़ संकल्प की दो कहानियां सुनीं, इससे हमारी रूह कांप गई।" उन्होंने जोर देकर कहा कि इसीलिए इसे नारी शक्ति कहा जाता है।

प्रस्तावित धरना: पंजाब-हरियाणा में किसान नेताओं की धरपकड़

चंडीगढ़: खराब फसलों के मुआवजे और दूसरी मांगों को लेकर 22 अगस्त को चंडीगढ़ में धरना देने की तैयारियों में जुटे पंजाब-हरियाणा के किसानों की धरपकड़ शुरू हो गई है। दोनों ही राज्यों में सोमवार अल सुबह से ही पुलिस की अलग-अलग टीमों ने किसान नेताओं को राउंड-अप और घरों में नजरबंद करने की कार्रवाई शुरू कर दी। संगरूर के गांव लोंगवाल में किसानों और पुलिसकर्मियों के बीच झड़प भी हुई है। इसमें किसान और पुलिसकर्मी दोनों घायल हो गए। पंजाब में किसान नेताओं की धरपकड़ ज्यादा हो रही है। यहां गुरदासपुर में सुबह 5 बजे कुछ किसान नेताओं को हिरासत में ले लिया गया। तरनतारन में किसान मजदूर संघर्ष कमेटी के प्रधान सरवन सिंह पंधेर, सुरजीत सिंह बहरामके समेत अन्य किसान नेताओं को भी हिरासत में ले लिया गया। किसान यूनियनों के कई अन्य नेताओं और पदाधिकारियों को उन्हीं के घरों में नजरबंद कर बाहर पुलिस का पहरा बैठा दिया गया। गुरदासपुर में कई महिला किसान नेताओं को भी हिरासत में लिया गया है।

रद्द होगी लालू की जमानत? सीबीआई की अर्जी का राजद ने किया विरोध

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू यादव ने सोमवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो की उस याचिका का विरोध किया, जिसमें चारा घोटाले से संबंधित डोरंडा कोषागार मामले में उन्हें दी गई जमानत रद्द करने की मांग की गई है। पिछले साल 22 अप्रैल को झारखंड हाई कोर्ट ने इस मामले में लालू यादव को जमानत दे दी थी। 75 वर्षीय राजद नेता को डोरंडा कोषागार से 139 करोड़ रुपये से अधिक के गबन के मामले में रांची की एक विशेष सीबीआई अदालत ने पांच साल जेल की सजा सुनाई और 60 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। लालू यादव ने कहा कि उनकी सजा को निलंबित करने के झारखंड हाई कोर्ट के आदेश को सिर्फ इस आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती कि सीबीआई असंतुष्ट है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन न्यायाधीशों की पीठ चारा घोटाले से संबंधित डोरंडा कोषागार मामले में झारखंड हाई कोर्ट द्वारा लालू यादव को दी गई जमानत को रद्द करने की मांग वाली सीबीआई की याचिका पर 25 अगस्त को सुनवाई करेगी।

देशभर के सरकारी अधिकारियों को तलब करने के लिए दिशानिर्देश तय करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को कहा कि न्यायालय द्वारा सरकारी अधिकारियों को तलब किए जाने को लेकर दिशानिर्देश तैयार किया जाएगा। वहीं, सरकार ने भी अधिकारियों को तलब करने को लेकर एक एसओपी पेश किया।

मामले में पीठ ने क्या कहा?

सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ और जस्टिस जे बी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि लंबित मामलों में पारित अंतिम निर्णयों और अंतरिम आदेशों का पालन न करने से उत्पन्न होने वाली अवमानना कार्यवाही से निपटने के लिए प्रक्रियाओं का अलग-अलग सेट करना चाहिए।

कार्यवाही के दौरान पीठ ने कहा

हम सरकारी अधिकारियों को तलब करने के लिए कुछ दिशानिर्देश तय करेंगे।

लंबित मामलों और उन मामलों का विभाजन होना चाहिए, जिनमें निर्णय पूरा हो गया है। लंबित मामलों के लिए, अधिकारियों को बुलाने की आवश्यकता नहीं है, लेकिन एक बार जब निर्णय पूरा हो जाता है तो अवमानना शुरू हो जाती है।

'राहुल गांधी हमें सिखाएंगे कि चीन के साथ क्या करना है...'

नई दिल्ली: कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी के चीन के मुद्दे को लेकर दिए बयान पर बीजेपी लगातार हमलावर है। केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार (21 अगस्त) को कांग्रेस नेता पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी चीन के बारे में कुछ भी कैसे बोल रहे हैं? मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, "राहुल गांधी चीन के बारे में कुछ भी कैसे बोल रहे हैं। उन्होंने चीन के साथ एक समझौता ज्ञापन किया है और वह चीनी राजदूतों से मिलते रहते हैं। अब वह हमें सिखाएंगे कि चीन के साथ क्या करना है... राहुल गांधी की सरकार (कांग्रेस) कहती थी कि वे सड़क नहीं बनाएंगे क्योंकि चीनी सरकार नाराज हो जाएगी... पीएम मोदी की सरकार ने कोई समझौता नहीं किया है, किसी भी देश को हमारी क्षेत्रीय अखंडता का एक इंच भी उल्लंघन नहीं करने दिया।" मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि स्वतंत्रता के 75 साल के इतिहास में राष्ट्रीय सुरक्षा के नाम पर अगल किसी सरकार ने जीरो टॉलरेंस दिखाया है तो वो मोदी सरकार है।

'फ्लैगशिप योजनाओं और अन्य घोषणाओं को समयबद्ध पूर्ण करने की दिशा में काम करें'

शिमला: मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने गत दिवस को प्रदेश सरकार की प्रमुख योजनाओं, बजट घोषणाओं और इस वर्ष 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर की गई घोषणाओं की प्रगति पर सभी प्रशासनिक सचिवों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि सभी प्रशासनिक सचिव राज्य सरकार की सभी फ्लैगशिप योजनाओं और अन्य घोषणाओं को समयबद्ध पूर्ण करने की दिशा में उचित कार्रवाई करें, ताकि प्रदेशवासी इन योजनाओं से शीघ्र लाभान्वित हो सकें। उन्होंने सभी विभागों को लम्बित फाइलों का शीघ्र निपटारा कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि लोगों को पारदर्शी और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन प्रदान करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में आधुनिक तकनीक का समावेश कर सेवाओं को और अधिक सुलभ किया गया है और इससे विभागीय कार्य प्रणाली में भी सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार राजीव गांधी डे बोर्डिंग स्कूल के निर्माण, लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए यूवी तकनीक का उपयोग, पर्यटन को बढ़ावा देने और अस्पतालों में रोबोटिक सर्जरी आरम्भ करने सहित अन्य परियोजनाओं को प्राथमिकता प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में संबंधित विभाग समयसीमा तय कर कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पहले चरण में आईजीएमसी शिमला और चमियाना तथा टांडा मेडिकल कॉलेज में रोबोटिक सर्जरी सुविधाएं शीघ्र आरम्भ जा रही हैं और इसके लिए स्वास्थ्य विभाग शीघ्र सभी औपचारिकताएं पूरी करें। आदर्श स्वास्थ्य संस्थान योजना के तहत ग्रामीण स्तर के 36 स्वास्थ्य संस्थानों में 6-6 विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है तथा शेष स्वास्थ्य संस्थानों में इसी वर्ष दिसम्बर माह तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति कर दी जाएंगी। उन्होंने वन स्वीकृतियों के मामलों के समयबद्ध निपटारे के भी निर्देश दिए।

असम-मेघालय सीमा मुद्दे पर चर्चा के लिए 26 को क्षेत्रिय समितियों की होगी बैठक

शिलांग। अंतरराज्यीय सीमा मुद्दे पर चर्चा के लिए असम और मेघालय समितियां 26 अगस्त को बैठक करेंगी। मेघालय के समाज कल्याण मंत्री पॉल लिंग्दोह 21 अगस्त (सोमवार) को कहा कि विवादित लैंगपिह की अपनी संयुक्त यात्रा से पहले यह बैठक होगी।

लिंग्दोह ने बताया, दोनों समितियां इस 26 अगस्त को यहां बैठक करेंगी क्योंकि हम ग्राउंड जीरो पर जाने और क्षेत्र के लोगों से मिलने की तैयारी कर रहे हैं।

क्या हुआ था पिछली बैठक में ?

आपको बता दें कि गुवाहाटी में पिछली बैठक में, दोनों राज्यों की क्षेत्रीय समितियां संयुक्त रूप से अंतरराज्यीय सीमा को अंतिम रूप देने से पहले हितधारकों, स्थानीय प्रतिनिधियों और निवासियों से मिलने के लिए मेघालय के पश्चिम खासी हिल्स जिले में लैंगपिह का दौरा करने पर सहमत हुई थीं।

पॉल लिंग्दोह मेघालय की तीन क्षेत्रीय समितियों में से एक के प्रमुख हैं। वह मेघालय और असम दोनों लैंगपिह क्षेत्र पर अपना दावा करते हैं। बता दें कि 2010 में क्षेत्र में अंतरराज्यीय विवाद इतना बढ़ गया था कि इसके कारण चार लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

नाग पंचमी : आयोजित हुए विविध कार्यक्रम विजेता को दिया गया पुरस्कार

अखंड भारत संदेश

सोरांव। इलाके के बाहर सराय गांव में हर वर्षों की भांति इस वर्ष भी नाग पंचमी के पर्व पर पूरे गांव में खेलकूद प्रतियोगिता के लिए ग्राम प्रधान मनोरमा देवी, ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारिका प्रसाद पटेल तथा प्रधान पति राम गणेश मौर्य व पूर्व प्रधान सचिन कुमार एडवोकेट, सहायक अध्यापक राजेंद्र कुमार निर्मल के नेतृत्व में ग्राम सभा के सभी मजरों में मुनादी कराई गई। तथा नाग पंचमी पर होने वाले खेलकूद प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगी को खेलकूद के बाद पुरस्कार वितरण भी किया गया। तथा मिठाई खिलाकर सभी खिलाड़ियों का मुंह मीठा करवाए। जानकारी के अनुसार विगत कई वर्षों से बाहर सराय गांव में क्षेत्र का एक ऐतिहासिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बड़े ही उत्साह पूर्वक किया गया। जिसमें खो-खो प्रतियोगिता, कबड्डी प्रतियोगिता, लंबी कूद, ऊंची कूद, वॉलीबॉल प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें विजेता रही टीम को ग्राम प्रधान पति राम गणेश मौर्य के द्वारा टी-शर्ट देकर सम्मानित किया गया। तथा उपविजेता टीम को भी उचित पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर निर्णायक का कार्य संदीप कुमार बड़े ही इमानदारी से खेल का निर्णय दिए। पंकज उत्तम, विकास निर्मल, मोहम्मद समीर, खिलाड़ी विशाल कुमार, नागेंद्र कुमार संग ग्राम सभा के सभी सम्मानित सदस्य सहित पूर्व प्रधान सचिन कुमार एडवोकेट, विनोद तिवारी, धर्मेंद्र निर्मल,सचिन तिवारी, आजाद, इसरार अरविंद निर्मल, नाटे प्रधान सहित ग्राम सभा के सभी सम्मानित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

नागपंचमी पर पूजे गए नाग देवता विविध खेलों की रही धूम

मेजा। क्षेत्र में सोमवार को नागपंचमी का पर्व उल्लास पूर्वक मनाया गया। एक ओर जहां घरों में महिलाओं ने दूध लावा चढ़ाकर नाग देवता की पूजा की। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में दंगल और खेलकूद प्रतियोगिताओं की धूम रही। मेजा विकास खंड क्षेत्र के मेजा खास स्थित बोलन धाम के दशमी के बारी में सोमवार को नाग पंचमी के अवसर पर कुश्ती,दौड़ ,लंबी कूद और कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिसमे लंबी कूद में नीरज यादव प्रथम,कृष्ण कुमार द्वितीय और महेंद्र को तीसरा स्थान मिला।100 मीटर की दौड़ में लाल साहब प्रथम, नीरज यादव द्वितीय और सोनू तीसरे स्थान पर रहे।कबड्डी बहुगुणा कालेज और मेजा न्यू स्टार के बीच हुआ,जिसमें मेजा न्यू स्टार की टीम विजई रही।विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। दंगल का शुभारंभ समाजसेवी बबलू यादव,पंकज मोदनवाल और राधेश्याम चौरसिया ने फीता काटकर किया। इस दौरान पहलवानों के कई जोड़ों ने अपनी कौशल का प्रदर्शन किया। जिसमें पंकज मोदी ने कहा कि कुश्ती से गांव की मिट्टी की पहचान होती है। प्रदेश सरकार खेल को बढ़ावा दे रही है। इस दौरान संचालन अंकित साहू और निर्णायक की भूमिका में राधेश्याम चौरसिया,गोविंद यादव,लवकुश पाल रहे। इस मौके पर कैलाश गुप्ता,अशोक शर्मा, बंटी सिंह,मनोज यादव,प्रदीप पाल,महेश यादव,संगम लालबड़े बाबू आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

जलाभिषेक कर भक्तों ने की शिवजी एवं नाग देवता की वंदना

सहसों। श्रावण मास के पवित्र महीने के सोमवार एवं नाग पंचमी पर क्षेत्र के शिवालय शिव भक्तों के जयकारों से गूंज उठा। सोमवार के दिन नाग पंचमी पड़ने के कारण घरों एवं शिवालियों में भक्त महिलाओं ने भगवान शिव एवं नाग देवता की विधि विधान से पूजन अर्चन किया। महिलाएं घर के आंगन में साफ सफाई के साथ नाग देवता के प्रति प्याले में दूध लावा समर्पित कर धूप, दीप, अक्षत, रोरी, पुष्प आदि के साथ नाग देवता की पूजा की। इसी प्रकार सहसों स्थित श्री राम जानकी मंदिर परिसर में विशाल शिवलिंग, बुद्धेश्वर महादेव मंदिर गुलालपुर, टहलू का शिवालय रामनाथ पट्टी एवं प्राचीन शिव मंदिर सहसों बाजार में भोर से ही भक्त जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना के लिए पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की स्तुति एवं वंदना की। भक्त नर नारी हर हर बम बम,ओम नमः शिवाय, बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है आदि का उद्घोष करते रहे। जिससे पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया।

नागपंचमी पर श्री हर हर भोला डीहा गंगा घाट पर हुआ भव्य आरती का आयोजन

करछना। श्री हर - हर भोला धाम सेवा समिति की ओर से नागपंचमी के अवसर पर संरक्षक डॉ नकुल प्रसाद निषाद की अध्यक्षता में सोमवार को जिसका संचालन समिति के संरक्षक त्रिवेणी प्रसाद पांडेय ने किया के नेतृत्व में मां गंगा आरती का आयोजन बड़े धूमधाम से मनाया गया नाग पंचमी पर्व पर डीहा गंगा घाट पर स्थित हर हर भोला महादेव पर सामूहिक रूप से रुद्राभिषेक किया गया वहीं सायं कालीन में सामूहिक रूप से डीहा मां गंगा घाट पर गंगा आरती का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने जिसमें महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया, वही समिति के सौजन्य से भक्तों को पूजा अर्चना के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने बढ़चढ़ कर योगदान दिया, जिसमें ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, दूधनाथ यादव प्रधान प्रतिनिधि डीहा, में शशि कांत पांडेय सूर्यकांत मिश्र कमलेश सिंह , सीताराम जौहरी आशीष पांडेय आदि समिति से जुड़े लोगों के अलावा बड़ी संख्या में भक्त जनों ने गंगा आरती में शामिल रहे, मौजूद रहे।

कबरा में आयोजित कजरी दंगल में शरद एवं उज्जवल रहे विजेता

करछना। नाग पंचमी सोमवार को करछना के कबरा के कजरी तालाब पर दंगल का आयोजन हुआ । जिसमें जूनियर वर्ग की लंबी कूद में शरद निषाद प्रथम व उज्जवल द्वितीय स्थान पर रहे। वहीं सीनियर वर्ग में सुकेश मिश्र प्रथम व बालकुमार द्वितीय स्थान पर रहे । कुश्ती में नयन तिवारी राजकुमार संदीप शिवा आनंद ने बाजी मारी। कबड्डी की प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया। जिसका फाइनल मैच मुन्ना क्लब तेवरिया एवं बिरसा क्लब अमिलो के बीच खेला गया। जिसमें मुन्ना क्लब विजय रहा । निर्णायक के रूप में गोविंद तिवारी आनंद तिवारी रामाशंकर यादव सभाजीत मौर्य दिनेश केसरी ननकू निषाद रहे। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि चंद्र प्रकाश तिवारी की ओर से विजई खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। वहीं रूद्र ट्रेनिंग कंपनी के निदेशक विजय तिवारी के द्वारा विजयी खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया । दंगल की अध्यक्षता समाजसेवी शिव प्रकाश तिवारी ने किया । और संचालन प्रधानाचार्य कृष्ण प्रकाश तिवारी ने किया। इस मौके पर सुरेश चंद्र शुक्ल स्वतंत्र तिवारी राज नारायण मिश्र केपी तिवारी अशोक मिश्रा पंकज मिश्रा धर्मेंद्र तिवारी सोनू मिश्रा प्रद्युम्न शुक्ल बाबा तिवारी उज्जवल तिवारी शिवम मिश्र आदि लोग मौजूद रहे।

सरकार की पहली प्राथमिकता जन समस्याओं का त्वरित निदान व जन कल्याण है : डॉ. वाचस्पति

विधायक बारा डॉ.वाचस्पति ने गौहनिया में जनता दरबार लगाकर सुनी क्षेत्र की समस्याएं, सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित निराकरण का दिया निर्देश

अखंड भारत संदेश

जसरा। विधायक डॉ. वाचस्पति ने रविवार को एमवी कान्वेंट स्कूल में जनता दरबार लगाकर बारा के जनता-जनार्दन की समस्याओं को सुनकर सम्बंधित विभाग के अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने को निर्देशित करते हुए श्री वाचस्पति ने कहा हमारी और योगी-मोदी सरकार की पहली प्राथमिकता जन समस्याओं का त्वरित निराकरण करना है। इसलिए जनसमस्या निराकरण में लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बिजली-पानी,नाली-सड़क के साथ गंभीर रोगों से सम्बंधित मुख्यमंत्री निधि से लोगों का त्वरित धन स्वीकृति का पत्र भेजकर निराकरण किया। इस अवसर पर भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ला, उमेश शुक्ला, नीरज केसरवानी, विजय कुमार निषाद, गोकुल सिंह, फूलचंद पटेल, गुड्डू पटेल, डॉ. अर्जुन कुशवाहा, जय प्रकाश त्रिपाठी, सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, बाल गोविन्द सरोज, मोनू यादव, सुधाकर सिंह, मिथिलेश पांडेय, धर्मराज पाल, प्रवीण मिश्रा, अर्पित जायसवाल आदि के साथ बारा क्षेत्र की सैकड़ों जनता विभिन्न समस्याओं को लेकर पहुंची।

नागपंचमी के दिन मनकामेश्वर धाम में उमड़े शिवभक्त,लगे जयकारे

अखंड भारत संदेश

लालापुर। लालापुर स्थित मनकामेश्वर धाम में नागपंचमी तिथि सोमवार को भक्तों की भारी भीड़ दर्शन पूजन व जलाभिषेक के लिए पहुंची । शिव भक्तों की हर हर महादेव के जयकारे से इलाका भक्तिमय हो गया। लालापुर गांव के पश्चिमोत्तर स्थित एक छोटी पहाड़ी पर स्थित स्वयंभू शिवलिंग को यहां के लोग मनकामेश्वर धाम के नाम से पुकारते है । शिवलिंग के ऊपर शेषाकार फन के आकार की शिला बिना किसी सहारे के अपनी छाया दे रहा है । जो लोगों को मंत्र मुग्ध कर देता है । सावन व पुरुषोत्तम मास के समय इस स्थल पर स्थानीय भक्तों की भीड़ के साथ दूरस्थ इलाके व जनपदों की भीड़ शिव भक्त व कांवरियों के रूप में पहुंचती है। सोमवार को नागपंचमी तिथि होने के चलते भोर से ही गंगा जल भरकर पहुंचे कांवरियों ने जलाभिषेक किया। इसी तरह स्थानीय भक्तों की भीड़ ने भी हजारों की संख्या में पहुंच शिव की पूजा अर्चना करते हुए हर हर महादेव के जयकारे लगाए।

न्यूज झरोखा

पानी टंकी के लिए चिह्नित की गई जमीन पर मड़हा चढ़ाकर कब्जे की शिकायत

हल्का लेखपाल ने कब्जे की एसडीएम को दी रिपोर्ट, पुलिस बल के साथ हटवाने का निर्देश

रत्योरा। विकासखंड कोरांव के सिकरो ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत निर्मित होने वाली पानी की टंकी के जमीन पर गांव के ही किसी व्यक्ति के द्वारा मड़हा चढ़ा कर कब्जा कर लेने की शिकायत की गई है। जिसके बाद हल्का लेखपाल मोहम्मद राशिद ने एसडीएम को चिन्हित की गई जमीन पर कब्जे की रिपोर्ट सौंपी है। जिस पर एसडीएम ने तत्काल पुलिस बल के साथ चिन्हित की गई जमीन को खाली कराने का निर्देश पारित किया है। हल्का लेखपाल मोहम्मद राशिद ने अपनी रिपोर्ट में एसडीएम को बताया है कि ग्राम प्रधान व गांव के संभ्रांत व्यक्तियों के समक्ष आराजी संख्या 421 रकबा 0.1360 हेक्टेयर नवीन परती खाते की भूमि को जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी निर्मित करने के लिए चिन्हित किया गया है। जिस पर गांव के ही एक व्यक्ति के द्वारा छप्पर लगाकर कब्जा कर लिया गया है। लेखपाल की रिपोर्ट पर एसडीएम ने पुलिस बल के साथ एसओ कोरांव व राजस्व निरीक्षक को अवैध कब्जा हटवाने का निर्देश दिया है। इस बाबत ग्राम प्रधान सुशील कुमार कुशवाहा ने बताया कि एसडीएम को आदेश दिए चार दिन बीत गए लेकिन अभी तक अवैध कब्जा हटवाने की कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की जा सकी।

ब्लाकेश्वर शिव मंदिर विकास खंड करछना परिसर में भव्य भजन संध्या में जुटे भक्त

करछना। नाग पंचमी के शुभ अवसर पर विकासखंड करछना परिसर में प्राचीन बलाकेश्वर शिव मंदिर पर बड़ी संख्या में भक्त जनों ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की इस अवसर पर प्रधान संघ अध्यक्ष करछना अवतार किशन सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में प्रधानों एवं ब्लॉक कर्मियों द्वारा भजन कीर्तन संध्या का आयोजन कर मंदिर परिसर में मंदिर प्रांगण पर भजन कीर्तन शिव महिम का वर्णन एवं भोलेनाथ शिव शंकर एवं पार्वती की झांकी के साथ नाग पंचमी का पर्व बड़े धूमधम से मनाया गया और प्रसाद वितरण किया गया इस मौके पर खंड विकास अधिकारी धीरेश गुप्ता आवास बाबू बृजेश द्विवेदी मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर मनीष शुक्ला सुनील कुमार, मिथिलेश पटेल, सहित बड़ी संख्या में ब्लॉक कर्मी एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य भक्त जन उपस्थित रहे।

पूर्व प्रधान प्रवीन यादव ने शिव भक्त कावरियों का किया सेवा

घूरपुर। प्रवीन यादव पूर्व प्रधान बीकर दलवाबारी ने मनकामेश्वर और सुजावन देव मंदिर जल लेकर जा रहे सैकड़ों शिव भक्त कावरियो की सेवा कर पुन्य लाभ लिया। हलुआ, चना, दमालु, शरबत आदि का जलपान कराया। इस बीच बोल बम चारो ओर गुंजयामान रहा। प्रवीन यादव के साथ अवधराज यादव दलजीत यादव, रमेश, विक्की, इंजीनियर वरिष्ठ पत्रकार अतुल यादव,साहब लाल, योगेन्द्र देवमणि यादव,सोनू,निकिन, योगेश, शेर सिंह आदि लोग शिव भक्तों की सेवा देर रात तक करते रहे।

जारी पॉवर हाउस से महिलाओं ने सभा कर निकाली रैली

जारी। जारी कस्बे में दिन सोमवार को गुड़िया त्योहार के मौके पर जारी पावर हाउस पर इकट्ठा होकर महिलाओं ने सभा करते हुए रैली निकाली। सैकड़ों की संख्या में आयी ग्रामीण महिलाओं ने पुरुष प्रधानता की परम्परा एवं मनुवादी समझ का विरोध दर्ज करते हुए कहा कि हर क्षेत्र एवं हर काम में लड़को एवं लड़कियों के विकास के समान अवसर मिले। ताकी समाज आगे बढ़े। महिलाओं ने श्लोगन लिखी तख्तियो को हाथों में लिए पूरे जोश से नारे लगा रही थी गुड़िया को पीटना बन्द करो, गुड़िया पढेगी, लड़ेगी, शिक्षा के लिए सरकारी फीस पर स्कूल खोलो, कम्प्यूटर, इंजीनियरिंग, कालेज खोलो। पितृ सत्ता नहीं चलेगी, महिलाओं को बराबरी का दर्जा दो, समान काम का समान मजदूरी दो,पुलिस अत्याचार बन्द करो, गुड़िया गर्भपात बन्द करो, अपमान बन्द करो, मणिपुर बलात्कारियों को सजा दो आदि। इस मौके पर पार्वती, सबनम, शान्ती, मन्जू, बेबी, निषा, चांदनी, अनीता, शुशीला, कोमल, अनारकली, सुषमा, उर्मिला आदि ने रैली का नेतृत्व किया।

उत्पादन से ज्यादा किसानों में जागरूकता लाने की है जरूरत : कमलेश द्विवेदी

कार्यशाला

अखंड भारत संदेश

करछना। प्रयागराज विकासखंड करछना सभागार में सोमवार को आयोजित नैनो यूरिया तरल एवं डीएपी खाद के प्रयोग पर आयोजित कार्यशाला में बोलते हुए ब्लाक प्रमुख करछना कमलेश द्विवेदी ने बताया कि उत्पादन से ज्यादा किसानों में जागरूकता लाना जरूरी है नैनो यूरिया तरल इफको कम लागत में ज्यादा फायदा पहुंचाने के लिए पहल की गई है जिसको लेकर सरकार युद्ध स्तर पर कार्य कर रही है लेकिन वही इसके प्रयोग के लिए किसानों को जागरूकता लाना बहुत ही जरूरी है आज भी किसान यूरिया एवं डीएपी कर खाद बोरियों में ले जाकर खेतों में डाल रहे हैं वही प्रचार प्रसार एवं किसानों की जागरूकता के अभाव में यूरिया एवं डीएपी तरल पदार्थ की बिक्री पर एकदम शून्य है तथा इस बारे में इफको से आए हुए वक्ताओं ने इसके प्रयोग एवं उत्पादकता के विषय में विस्तृत जानकारी दी इस मौके पर अपर जिला सहकारी अधिकारी तहसील करछना संजय कुमार पांडे इसको के क्षेत्रीय प्रबंधक अक्षय कुमार पांडे सहायक विकास अधिकारी चाका श्रीमती दिव्या यादव इफको क्षेत्राधिकारी आशीष राठौर , सुरेश पांडे,सोनल शुक्ला एडीओ कोआपरेटिव, प्रदीप पाठक, धर्मराज पटेल, सहित बड़ी संख्या में प्रधान एवं क्षेत्रीय कृषक उपस्थित रहे।

प्रति यूनिट डेढ़ से 2 किलो कोटेदार किसके लिए करते हैं कटौती

अखंड भारत संदेश

कोटेदारों की घटतौली पर अधिकारियों की चुप्पी खोल रही कई राज, बीडीओ आपूर्ति अधिकारी की गठित टीम में गंभीर जांच की पुष्टि के बावजूद अल्हवा की दुकान बहाल किए जाने पर लोग भड़के, तहसील में होगा धरना प्रदर्शन

कोरांव। कोराव तहसील क्षेत्र में कार्यरत अधिकांशतः उचित दर विक्रेताओं के द्वारा प्रति यूनिट डेढ़ से दो किलो तक के अनाज की कटौती प्रत्येक महीने की जा रही है। कार्डधारकों द्वारा मामले की शिकायत की जाती है लेकिन उच्चाधिकारी कार्डधारकों की शिकायतों को नजरअंदाज कर कोटेदारों के घटतौली को लेकर कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। जिससे कोटेदारों के हौसले बुलंद रहते हैं। कार्ड धारक जब कोटेदार से अनाज की घटतौली के बारे में पूछते हैं तो कोटेदारों के द्वारा यह बताया जाता है कि 3500 रुपए प्रति महीने विभागीय अधिकारियों को देना पड़ता है। हम लोग अपने घर व जेब से नहीं देंगे, इसी अनाज में कटौती कर विभागीय अधिकारियों को पैसा दिया जाता है। कोटेदार कार्ड धारकों से कहते हैं कि हम लोगों को अनाज में कटौती करना मजबूरी है। अगर उच्चाधिकारी पैसा लेना बंद कर दें तो हम लोग अनाज की कटौती करना भी बंद कर देंगे। मौजूदा समय में कोरांव तहसील क्षेत्र में कुल 149 उचित दर विक्रेता हैं जिनमे अधिकांशतः विक्रेता नाम न छापने की शर्त पर यह रोना रोते हैं कि प्रत्येक महीने 3500 रुपए की अवैध वसूली कोटेदारों से की जाती है। जिससे कर धारकों के राशन में कोटेदार कटौती करने को मजबूर हैं। इस संदर्भ में एसडीएम अविनाश सिंह यादव से बात कर जानकारी लेने का प्रयास किया गया। लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। इसी प्रकाश ग्राम पंचायत अल्हवा के उचित दर विक्रेता के विरुद्ध करीब दस माह पूर्व भ्रष्टाचार की हुई शिकायत में उप जिलाधिकारी ने बीडीओ कोरांव और आपूर्ति निरीक्षक की टीम गठित की गई थी जिसमें ग्राम सभा में खुली जांच कोटेदार और शिकायत कताओं के सामने हुई थी। गंभीर आरोप की पुष्टि होने पर कोटेदार को निलंबित कर दिया गया था। किंतु इस माह इतने आरोपों के बावजूद बिना शिकायत कताओं के सज्ञान में किए दुकान बहाल कर दिया। जिससे ग्राम के कार्ड धारकों में आक्रोश है। इसकी शिकायत मुख्य मंत्री से की जा रही है। उक्त कोटेदार ने कोटा बहाल के बाद तुरंत घट तौली का काम शुरू कर दिया गया। कार्ड धारकों ने चार किलो ग्राम खाद्यान्न कम दिए जाने की शिकायत सीएम हेल्प लाइन और समाधान दिवस में की है। और अगले तहसील दिवस में कार्ड धारक धरना प्रदर्शन करेंगे। और कार्यवाही की मांग करेंगें।

हंडिया विधायक को फोन पर दी जा रही है जान से मारने की धमकी

अखंड भारत संदेश

उतरांव। हंडिया विधायक हाकीम लाल बिंद को भाजपा से जुड़े नेता ने जान मारने की धमकी दी है। मामले में आरोपी ने सारा आरोपो को निराधार बताया है विधायक की तहरीर पर उतरांव पुलिस एफआईआर दर्ज कर आगे की कार्रवाई मे जुट गयी है।

हंडिया के वर्तमान विधायक हाकिम लाल बिंद ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि उतरांव के सरांयहुसे गांव निवासी जगत पटेल पुत्र छोटेलाल पटेल बीते 1 वर्ष से लगातार आपत्तिजनक शब्द का प्रयोग फोन पर कर रहा है आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग करने से जान से मारने की धमकी दे रहा है फोन पर कह रहा है कि साले यदि क्षेत्र में दिखाई दिए तो तुम्हारी गाड़ियों में तोड़फोड़ करूंगा। वह ललकार कर तुम्हारी हत्या करवा दूंगा। जगत के डर से विधायक सरायहुसे, दमगड़ा, मदारीपुर, आदि गांव में सभाए नहीं कर पा रहे हैं विधायक ने बताया कि जगत के साथी अपराधिक किस्म के व्यक्ति हैं। यदि मेरे ऊपर या मेरी गाड़ियों पर कोई भी हमला होता है तो या मेरे साथियों के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो सारी जिम्मेदारी जगत पटेल की होगी विधायक ने मान सम्मान वह जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। मामले में उतरांव पुलिस ने एफ आई आर दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है आरोपी जगह पटेल ने बताया कि विधायक द्वारा लगाए गए सारे आरोप गलत है आरोपी ने बताया कि पूर्व में वह सपा के समर्थन से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ चुका है क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर मैंने विधायक से बात की तो विधायक द्वारा लगाए गए सारे आरोप गलत है। आरोपी वर्तमान में भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता है उतरांव थाना अध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास कर रहा हूं जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

शुआट्स में तीन दिवसीय प्रदर्शनी 22-24 अगस्त को

नैनी प्रयागराज। शुआट्स के एथेलिंड कॉलेज ऑफ कम्युनिटी साइंस के टेक्सटाइल एंड डिजाइनिंग एवं फैमली रिसोर्स मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर साइंसेस विभाग की ओर से तीन दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन 22 से 24 अगस्त को किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में डिजाइनर वस्त्र, एंब्रॉयडर थैले, हेयर एक्सेसरीज, गृह सज्जा की वस्तुए तथा अन्य हस्तकला उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा। यह वस्तुएं विक्री के लिए भी उपलब्ध होंगी।

जेडीयू कार्यकताओं का विधान सभा स्तरीय सम्मेलन आज

फूलपुर। सोमवार को चक अब्दुल करीम उर्फ पूरे भुलई गांव में जेडीयू कार्यकताओं की बैठक पार्टी के फूलपुर विधानसभा अध्यक्ष आरके पटेल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश महासचिव हरिशंकर पटेल ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए पार्टी को मजबूत करने की बात कही। गंगापार जिलाध्यक्ष संकठा प्रसाद पटेल ने मंगलवार को बाबूगंज में होने वाली विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की। इस मौके पर राम सहाय पटेल ,एडवोकेट गोविंद पटेल,मो इकराम,भोला पटेल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

नागपंचमी : हजारों कांवरियों ने निकाला जुलूस

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मऊ आइमा बजरंग दल के नेतृत्व में नागपंचमी पर हजारों की संख्या में कांवरयों का जुलूस निकाला गया। जिसमें शामिल होने वाले कवरयो को जगह जगह लोगो ने जलपान कराया। जुलूस में भारी संख्या में भीड़ रही। और पुलिस की भारी फोर्स मुस्तैद रही है। मालूम हो कि कांवर जुलूस मऊआइमा के चौहान के पूरा से निकला जैसे कस्बे में दाखिल हुआ। चेयरमैन मो शोएब अंसारी ने जलपान से स्वागत किए। कांवरियों का जत्था सदर बाजार, चुनौटा कुंआ, जैसे मॉडल स्कूल के पास पहुंचा ग्राम प्रधान तीरथ यादव ने फूलों की वर्षा करते हुए जलपान कराए। कांवररियों का जुलूस थाना पडाव, चौराहे पर पहुंचने पर किन्नर गुरू महामंडेलश्वर ,किन्नर मुसकान मऊआइमा गद्दी की मालकिन ने डेढ कुंटल लडडू, जल पान से स्वागत किया। सुल्तानपुर खास मरखामऊ होते हुए बागेश्वर नाथ धाम पर जलाभिषेक किया । कार्यक्रम के व्यवस्थापक पूर्व ब्लॉक प्रमुख मऊआइमा व योगी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष सुधीर मौर्य ने प्रशासन के सभी सदस्य,कवाड़ियो समेत अन्य आगंतुकों का धन्यवाद दिया। संरक्षक खंड कार्यवाह दिनेश कुमार मौर्य ने यात्रा में शामिल लोगों का आभार प्रकट किया हैं । जिसमें एसीपी फूलपुर मनोज कुमार, इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेन्द्र कुमार कुशवाहा समेत कई थानों की फोर्स सुरक्षा व्यवस्था में लगी रही । इस मौके पर सम्राट अमन मौर्य, ग्राम प्रधान चंदसेन यादव, ग्राम प्रधान लाल बहादुर पटेल,प्रमोद यादव, ऋषि प्रजापति, रोहित राकेश कुमार मौर्य, आंसु आशीष,सोनू मौर्य, आदर्श केसरवानी, अक्षत जयसवाल , आशीष मौर्य, वीरेंद्र मौर्य, शुभम हेला, आकाश कुमार हिंदू, सुशील केसरवानी, अशोक केसरवानी आदि शामिल थेंगा।

खबर संक्षेप

ई रिक्शा के टक्कर से बाइक सवार दम्पति घायल, हालात नाजुक अस्पताल में भर्ती

मऊआइमा। बाइक पर पत्नी को बैठा कर दवा लेनेजा रहे दम्पत्ति को ई रिक्शा ने टक्कर मार दी जिससे दम्पत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घायल के भाई ने अज्ञात ई रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। बताया गया कि प्रतापगढ़ के थाना रानीगंज के ग्राम जयरामपुर दुगार्गंज निवासी रामू उर्फ मनोज कुमार और उनकी पत्नी कुसुम देवी बाइक से दवा लेने जा रहे थे। बताया गया है कि जैसे मऊआइमा के दुबाही गांव स्थित कब्रिस्तान के पास पहुंचे सामने से ई रिक्शा ने टक्कर मार दी जिससे दोनों गम्भीर रूप से घायल हो गए। दोनो को एक निजि अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल मनोज कुमार के भाई विनोद कुमार ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर अज्ञात ई रिक्शा चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

एसटीएफ ने 17 लाख के गांजे के साथ एक तस्कर को दबोचा

वाराणसी में खपाने की थी तैयारी, मुख्य तस्कर मौके से फरार







अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। एसटीएफ की टीम ने रविवार को करीब 17 लाख रुपए के गांजे के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। जो गाजीपुर का रहने वाला है। उसके पास से 66.400 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। साथ ही एक टोयोटा कार, आधार कार्ड, चार मोबाइल, पैन कार्ड और 5700 रुपए बरामद किए गए हैं। मुख्य आरोपी भागने में सफल हो गया है। बरामद गांजा उड़ीसा से वाराणसी ले जाया जा रहा था। एसटीएफ प्रयागराज के डिप्टी एसपी नावेंदु सिंह ने बताया कि शिव गुलाम टोल प्लाजा के समीप, लालगंज से एसटीएफ की टीम ने अरुण कुमार सिंह पुत्र सच्चिदानंद सिंह निवासी बड़ौदा, पोस्ट सलामतपुर, थाना कासिमाबाद, गाजीपुर को गिरफ्तार किया। जो टोयटा कार चला रहा था। कार सवार व्यक्ति मौके से भागने में सफल रहा। टोयोटा कार की तलाशी ली गई, तो उसके स्पेशल केबिन में छुपाकर रखा गया करीब 66.400 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में अरुण ने बताया कि वह गांजा तस्करी गिरोह का एक सक्रिय सदस्य है। जो उड़ीसा से गांजा की खेप लाकर उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में ऊंचे दामों में बेचते हैं। इस ग्रूप में उसके अलावा महेश सोनकर पुत्र शिव मूरत निवासी गुलामी का पूरा, कोतवाली, आजमगढ़ मुख्य कारोबारी है। कार भी महेश सोनकर की ही है। जो मौके से भाग निकला है। बरामद गांजा वाराणसी ले जाया जा रहा था। जो कार में बनी स्पेशल केबिन (कैविटी) में छूपाकर रखा गया था। उसने बताया कि कार का नबर राज्य के अनुसार बदल दिया जाता था। ताकि पुलिस की नजर में न आए। पूछताछ में एसटीएफ को यह भी पता चला कि यह गांजा उड़ीसा के उकाई पाली के रहने वाले रमेश नामक व्यक्ति के यहां से खरीद कर वाराणसी लाया जा रहा था। गिराफ्तारी टीम में एसटीएफ के सब इंस्पेक्टर धर्मेंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल हबीब सिद्दीकी, दिलीप त्रिपाठी, विकास तिवारी, पंकज तिवारी, पुरनीत कुमार पांडेय व चालक रविकांत की टीम शामिल थी। डिप्टी एसपी नावेंदु सिंह के मुताबिक उत्तर प्रदेश में उड़ीसा के रास्ते गांजे की खेप अक्सर आती रहती है। एसटीएफ की टीम ने उसी के तहत यह गिरफ्तारी की है।

न्यूज झरोखा

केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया बोलीं 2024 में एनडीए हैट्रिक लगाएगी

प्रयागराज। अपना दल (एस.) की राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल सोमवार को प्रयागराज में थीं। वह यहां अपना दल के दो पदाधिकारियों के निधन पर शोक संवेदना जताने पहुंचीं थीं। यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने इंडिया गठबंधन पर निशाना साधा। अनुप्रिया ने कहा कि इस बार 2024 मे एनडीए गठबंधन हैट्रिक लगाएगी। वहीं इंडिया गठबंधन में जितने दल शामिल हैं वो सारे दल हताश हैं। वो लंबे समय से सत्ता से दूर हैं उसी व्याकुलता के चलते सारे दल इकट्ठा हुए हैं। उन्होंने कहा कि हम 2024 के चुनाव में 2014 से बेहतरीन प्रदर्शन करेंगे। कहा, सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर के आने से हमारा कुनबा और मजबूत होगा, और जो भी एनडीए गठबंधन में आना चाहते हैं सभी का स्वागत है। वहीं सपा पर निशाना साथते हुए अनुप्रिया पटेल ने कहा है। अखिलेश यादव को लगातार जनता नकार रही है, हर बार उन्हें सत्ता से बाहर किया है। इस बार भी एनडीए के गठबंधन के चलते 2024 के चुनाव में सपा के लिए दूर दूर तक कोई गुंजाइश नहीं है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के राहुल गांधी अमेठी से चुनाव लड़ने के बयान पर पलटवार करते हुए अनुप्रिया पटेल ने कहा कि एनडीए गठबंधन के सामने इंडिया गठबंधन का कोई भी प्रत्याशी किसी भी सीट पर सामने आएगा तो वह परास्त होगा।

सुलेम सराय में अवैध कब्जेदारों से खाली कराया फ्लैट

पीडीए की कार्रवाई, अवैध सड़क को भी खोदकर कब्जा मुक्त कराया

प्रयागराज। विकास प्राधिकरण पीडीए ने सोमवार को सुलेम सराय आवास योजना में 114 नंबर के फ्लैट पर अवैध रूप से कब्जा जमाए लोगों से बलपूर्वक फ्लैट खाली कराया। इसके अलावा जान्हीपुरम में भी अवैध रूप से बनाई गई सड़क को पीडीए ने जेसीबी लगाकर खुदवा दी और अवैध कब्जा मुक्त करा दिया। इसके अलावा अवैध रूप से की गई प्लाटिंग पर भी पीडीए ने बुलडोजर चलवा दिया। इस दौरानबड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। प्रयागराज विकास प्राधिकारण को शिकायत मिली थी कि कुछ लोगों ने मिलकर सुलेम सराय आवास योजना के प्लैट नंबर 114 पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। इस शिकायत पर पीडीए ने त्वरित कार्रवाई कर सोमवार को बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स के साथ कब्जा खाली कराया। इस दौरान जान्ह्वीपुरम में भी अवैध रूप से सड़क बनाने की शिकायत मिली थी। पीडीए के जोन-1 अफसर ने इसे भी जेसीबी से खुदवा दिया और संबंधित लोगों के खिलाफ लीगल एक्शन की तैयारी कर ली है।

विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस : कुष्ठ आश्रम में बांटा कपड़े एवं फल

प्रयागराज। स्वयंसेवी संस्था पारस फाउंडेशन के तत्वाधान में विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस पर परेड ग्राउंड स्थित बस्ती में कुष्ठ रोगी आश्रम में रहने वाले असहाय वरिष्ठजनों के बीच वस्त्र एवम फल वितरित किया। वहां उपस्थित लगभग 35 सदस्यों जिनमे महिलाओं को साड़ी एवम पुरुषों को शर्ट पैंट बांटे साथ ही उपस्थित सभी सदस्यों को फल भी बांटे गए। कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए सुभाष तिवारी ने कहा वरिष्ठजनों का अनुभव नई पीढ़ी के लिए बाहोत आवश्यक है इसी बहाने एक पूरा दिन हमे उनके साथ अनुभव साझा करना चाहिए। मधुमिता नाथ ने कहा यह दिन सभी वरिष्ठ नागरिकों को समर्पित है और इसका उद्देश्य बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार और उम्र में गिरावट के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। इस दिन, हम समाज की भलाई में वरिष्ठ नागरिकों के योगदान की भी सराहना करते हैं और उन्हें स्वीकार करते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अरुण निषाद, पुष्पा विश्वकर्मा, आशीष कुशवाहा, शुभेंद्र पांडेय समेत स्थानीयजन उपस्थित रहे।

सोमेश्वर महादेव मंदिर में शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए एसपीओ टीम प्रशासन के साथ रही तैनात

नैनी। नैनी में नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है वहीं भक्तों व श्रद्धालुओं की मंदिरों में दर्शन करने के लिए लम्बी कतार लगी हुई है इसी कड़ी में नैनी के अरैल में स्थित श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर में शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम प्रभारी अभय राज सिंह व उप प्रभारी परवेज अहमद एवं एसीपी करछना महोदय के आदेशानुसार एसपीओ टीम की ड्यूटी लगाई गई जिसमें सभी एसपीओ टीम के जवान ड्यूटी स्थल पर मौजूद रहे। इस दौरान जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली व सीनियर एरिया इंचार्ज राम जी जायसवाल के नेतृत्व में मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल, सहायक मीडिया प्रभारी संदीप विश्वकर्मा, एरिया इंचार्ज समीर खान, विवेक पाल, सोनू भारतीया, तौसीफ खान दिनेश कुमार सोनकर,नौशाद अहमद,फिरोज खान, दिनेश चंद्र केसरवानी,आकाश केसरवानी, वजी अहमद रोहित केसरवानी शनी सिंह, दीपक केसरवानी व एसपीओ टीम के सभी अधिकारीगण एवं सदस्यगण मौजूद रहे।

कार से बाइक की भिड़ंत, 2 छात्र की इलाज के दौरान मौत

नैनी। नैनी कोतवाली क्षेत्र में अरैल के बांध रोड पर सोमवार को स्थित शूल टांकेश्वर मंदिर जलाभिषेक करने जा रहे बाइक सवार दो छात्र एक तेज रफ्तार कर की चपेट में आ गए। जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास से गुजर रहे लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों को इलाज के लिए एसआरएन अस्पताल भेजा। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। घटना से दोनों छात्रों के परिवार में कोहराम मचा हुआ है जानकारी के अनुसार कौशांबी के जमुनापुर निवासी अनूप पांडे उर्फ शुभम 18 पुत्र राघव राम पांडे उर्फ कृष्ण कांत और सराय अकिल थाना क्षेत्र के भटूरा नवादा गांव निवासी अश्वनी शुक्ला 19 पुत्र संजय शुक्ला दोनों अरैल के फलाहारी आश्रम में रहते थे। दोनों ही श्री सच्चा बाबा संस्कृत विद्यालय में 11वीं के छात्र थे। नाग पंचमी के अवसर पर सोमवार को दोनों बाइक से शूल टांकेश्वर मंदिर में रुद्राभिषेक करने जा रहे थे। मंदिर से थोड़ी ही दूर पहले एक काले रंग की कर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान अनूप और अश्वनी की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है। चालक राजरूपपुर का निवासी बताया जाता है पुलिस ने दोनों शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चौकी इंचार्ज अरैल परमानंद सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में दोनों छात्रों की इलाज के दौरान मौत हो गई है जबकि चालक को कार समेत हिरासत में ले लिया गया है।

कमीशन बढ़ोत्तरी को लेकर स्टांप वेंडर्स ने भरी हुंकार

कोरांव। तहसील मुख्यालय कोरांव में स्टांप वेंडर्स की समस्याओं को लेकर स्टांप विक्रेताओं ने औपचारिक बैठक कर आगामी 25 अगस्त को हड़ताल की घोषणा किया और उपनिबंधक कोरांव को ज्ञापन दिया। बैठक में स्टांप वेंडर्स एसोसिएशन के तहसील अध्यक्ष रामनवल सिंह पटेल ने कहा की स्टांप विक्रेताओं को 1 लाख के सापेक्ष मात्र 90 रु ही कमीशन मिलता है जबकि ग्राहक से नगद मिलने पर 110 रु कैश हैंडलिंग चार्ज कट जाता है इसके साथ ही उन्होंने ई स्टांप के सापेक्ष फिजिकल स्टांप व स्टांप कमीशन 1 लाख के सापेक्ष न्यूनतम 250 रु व स्टांप वेंडर्स के लिए आई डी कार्ड जारी करने की भी मांग रखी, वही वरिष्ठ स्टांप विक्रेता शेष मणि सिंह ने कोषागार से वेबसाइट डेवलप कर ई स्टांपिंग की व्यवस्था करने की मांग रखी उन्होंने कहा की स्टॉक होल्डिंग कापोर्रेशन के अधीन स्टांप निकालना मुश्किल व असुरक्षित है। अपनी इन मांगों को लेकर स्टांप विक्रेता आगामी 25 अगस्त को एकदिवसीय हड़ताल पर रहेंगे। इस दौरान संदीप द्विवेदी, सत्यम शुक्ला, सत्य प्रकाश, समेत तहसील कोरांव के सभी स्टांप विक्रेता शामिल रहे।

मुख्य विकास अधिकारी ने मऊ आइमा के कई गांवों का किया औचक निरीक्षण

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मऊआइमा में मुख्य विकास अधिकारी ,जिला विकास अधिकारी सोमवार को विकास खंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों का विकास का स्थली मुआयना करने अचानक पहुंचने पर हडकंप मच गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊआइमा विकास खंड के विभिन्न गांवों का सोमवार को सीडीओ गौरव कुमार व जिला विकास अधिकारी भोला नाथ कनौजिया के अचानक ग्रामो में पहुंचने पर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। मऊआइमा के सराय बादशाह कुली स्थित जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी टंकी , पंचायत भवन, प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया उसके बाद जल्द से जल्द कनेक्शन करवाने की बात कही । सीडीओ लगे हाथ बांकाजलालपुर स्थित पंचायत भवन, आर.आर.सी. सेंटर व झाऊ मियां का पूरा स्थित प्राथमिक विद्यालय में वृद्धि के साथ साथ लड़कों और लड़कियों के लिए अलग अलग टॉयलेट, हैंडवास व साफ सफाई का निरीक्षण किया । आरआरसी सेंटर बांका जलालपुर में चकमार्ग को लेकर पैमाइश करने को लेकर लेखपाल को निर्देशित करने की बात कही । तथा राजस्व की टीम द्वारा पंचायत भवन में न बैठने को लेकर अधिकारियों को अलग कराने की बात कही। बांकाजलालपुर के सिक्रेटरी जीतेंद्र यादव के भ्रष्टाचार की शिकायत पर फटकार लगाते हुए। लिखित शिकायत पत्र मांगें। ग्राम राम नगर उमरी में खेल मैदान का निरीक्षण किया। जिसमे खंड विकास अधिकारी उमेश सिंह, सहायक विकास अधिकारी प्रेम दास,ग्राम पंचायत अधिकारी दिनेश पटेल, चंद्रशेखर ग्राम प्रधान लाल बहादुर पटेल, कन्हैया लाल गुप्ता समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

गांव पहुंचने पर हडकंप मचा स्थली निरीक्षण करते हुए बांका जलालपुर के सिक्रेटरी की लापरवाही पर लगाई फटकार

कोर्ट के आदेश पर कुर्की कला ग्राम पंचायत की हुई खुली बैठक

अखंड भारत संदेश

परिवार रजिस्टर में नाम चढ़ाने का मामला

मेजा। सोमवार को जहां क्षेत्र में नागपंचमी पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा था,वहीं परिवार रजिस्टर में नाम चढ़ाने को लेकर कोर्ट के आदेश पर मेजा विकास खंड के कुर्की कला ग्राम पंचायत में एडीओ पंचायत की अध्यक्षता में खुली बैठक हुई।बैठक में फूलपत्ती पत्नी स्व0 मल्लू के विवाद को लेकर पक्ष और विपक्ष में बयान दर्ज किए गए।जिसमे एक पक्ष का कहना है कि मल्लू को कोई औलाद ही नहीं थी,जबकि फूलपत्ती का स्वयं कह रही है कि वह मल्लू की बेटी है।को अपने मामा के यहां रह रही थी।कार्यवाही के दौरान एडीओ पंचायत अखिलेश तिवारी के समक्ष फूलपत्ती के पक्ष में 31 लोगों ने बयान दर्ज कराया,जबकि विपक्ष में 10 लोगों ने अपना बयान दर्ज कराया।बैठक की बीडीओ ग्राफी कराई गई।इस मामले में विपक्ष की तरफ से अधिवक्ता जहींदर सिंह का कहना है कि अभिलेखों के आधार पर फूलपत्ती शंकर की बेटी है।फिलहाल कोर्ट के आदेश पर बैठक शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई। इस मौके पर ग्राम प्रधान सुनीता देवी यादव, दरोगा गोविंद, एडीओ (को) सच्चिदानंद दुबे, ग्राम सचिव, प्रधान प्रतिनिधि मुरारी यादव, प्रधान भगवत पाल सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

दो अलग अलग गांवों में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट

मऊआइमा। मऊआइमा के दो अलग अलग गांवों में जमीनी विवाद को लेकर हुई मार पीट में कई जख्मी हुए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में आठ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के हटिया परमानंदपुर गांव निवासनीय कुसुम पांडेय पत्नी कालिका प्रसाद का आरोप है कि उनके विपक्षी जमीनी विवाद को लेकर लाठी डंडा लेकर घर घुस कर उसे और उसके पति कालिका प्रसाद एंव विकलांग पुत्र राहुल को मार पीट कर जख्मी कर दिए। जिसमें उनके पति की हालत नाजुक बनी हुई है उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुसुम पांडेय ने मऊआइमा थाने में मृत्युंजय पांडेय, सरोजा देवी, गिरजा प्रसाद तथा उनके परिजन नाम अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम दमोदरपुर घीनपुर निवासी आशाराम पुत्र सन्त लाल का आरोप है कि उसकी माता घांस काट रही थी। विपक्षी आए जान से मारने की धमकी देते हुए मारे पीटे जिसमें परिजनों को काफी चोटें आयीं है। आशा राम ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर सुनील कुमार, बिदया, बिटोरी, बबलू, अमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

शोक संवेदना प्रकट करने पहुंची शिवपुर गांव में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल

सहसों। क्षेत्र के शिवपुर सेमरा गांव निवासी समाजसेवी एवं अपना दल के पूर्व जिला अध्यक्ष लालचन्द्र पटेल का 13 अगस्त रविवार को असामयिक निधन हो गया था। शोक संतप्त परिवार के प्रति शोक संवेदना प्रकट करने के लिए सोमवार को केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने शिवपुर गांव पहुंचकर श्रद्धांजलि देते हुए शोक संतप्त पत्नी मंजू सिंह, पुत्र डॉक्टर धीरेंद्र सिंह, अनिल सिंह, भाई रामचंद्र सिंह को ढांढस बधाते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अपना दल एस के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल, दर्जा प्राप्त मंत्री राम लखन पटेल, रेखा देवी व विश्वनाथगंज के विधायक जीत लाल पटेल, बी डी गौड़, श्यामराज, प्रदेश सचिव भारत सिंह, जिला अध्यक्ष भानु प्रताप पटेल, ब्लॉक प्रमुख सैदाबाद राजेंद्र पटेल सहित भारी संख्या में अपना दल के कार्यकर्ता पदाधिकारी एवं क्षेत्रीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

स्कूटी व बाइक में टक्कर दो घायल

झूंसी। शास्त्री पुल पर सोमवार की रात कावरिया पथ पर बाइक व स्कूटी में आमने सामने से जोरदार टक्कर हो गई। जिसकी वजह से दोनों को गंभीर चोटें आई है। एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। राहगीरों की मदद से दोनों को एम्बुलेंश से अस्पताल भिजवाया गया। लोगो की माने तो शास्त्री पुल पर कावरिया वाली लेन पर झूंसी की ओर से शहर की ओर जा रहे स्कूटी सवार की सामने से आ रहे बाइक सवार से टक्कर हो गई दोनों छिटक कर सड़क पर गिर पड़े मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गई। लोगो ने वहा से गुजर रही एक एम्बुलेंश को रोक कर घायलों को इलाज के लिए झूंसी के एक अस्पताल भेजा। जहाँ डॉक्टर ने घायलों को गंभीर बताते हुए एसआरएन के लिए रेफर कर दिया। घायलों की पहचान नही हो पाई थी।

रसूलाबाद शिव मन्दिर के दानपेटिका का ताला तोड़कर चोरी

प्रयागराज। शिवकुटी थाना अंतर्गत रसूलाबाद चौराहे के समीप स्थित एक शिव मंदिर की दानपेटी का ताला तोड़कर एक चोर सारा पैसा उठा ले गया। दूसरा चोर मंदिर के बाहर निगहबानी कर रहा था। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिससे चोर और उसका साथी पूरी तरह से अनभिज्ञ थे। शिवकटी थाना औंतर्गत रसूलाबाद चौराहे के समीप स्थित कुशवाहा शिव हाउस के पास एक शिव मंदिर हैं। सावन महीने में शिव मंदिर में मोहल्ले के लोगों की भीड़ लगती है। योगदान पूरे करते हैं वहां लगी दान पेटिका में पैसे दान करते हैं। उस पैसे से मंदिर का जीर्णोद्धार और हवन पूजन की सामग्री मंगाई जाती है। महीने में एक बार दान पेटी का खोली जाती है। सोमवार की भर में 3:00 बजे के आसपास एक व्यक्ति वहां प्लास और कटर लेकर पहुंचा। मंदिर में लगी दान पेटिका का ताला काट कर बड़े इत्मीनान से उसने दानपेटिका के अंदर रखे सारे रुपए समेट कर चला गया। जब वह

दान पेटी का तोड़ रहा था, तो उसका एक साथी सड़क पर खड़े होकर आने जाने वालों पर निगाह रख रहा था। यह सारी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सोमवार को इस संबंध में संजय कुमार ने शिवकुटी थाने में लिखित तहरीर दी। थानाध्यक्ष शिवकुटी का कहना है कि शिकायती पत्र मिला है। एक चोर सीसीटीवी कैमरे में दान पेटिका का तोड़कर पैसे ले जाते हुए दिख रहा है। फुटेज के आधार पर चोर का पता लगाया जा रहा है। पैसे कितने थे यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।

विद्यालय का कीमती सामान चोरी प्रधान ने पुलिस से की शिकायत

करछना। ब्लॉक करछना के ग्राम पंचायत धरवारा के मेदिनी सिंह का पूरा गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय में रविवार की रात्रि में विद्यालय के गेट का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोरों ने विद्यालय में पेयजल हेतु हैंड पंप में लगा समरसेबल के कीमती उपकरण खोल ले गए । सोमवार सुबह विद्यालय खुला तो शिक्षक व शिक्षिकाओं ने देखा कि समरसेबल के कीमती उपकरण नदारत रहे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेंद्र यादव ने इसकी सूचना संबंधित ग्राम प्रधान को दी? सोमवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरू सिंह ने चोरी की लिखित शिकायत करछना थाने में की है। उन्होंने बताया कि चोरों का इतना आतंक बढ़ गया है कि आए दिन विद्यालयों में चोरी होती रहती है।

पूरा फतेह मोहम्मद में बंद मकान का ताला तोड़कर चोरी

50 हजार नकदी समेत जेवर समेट ले गए चोर, बाहर गया था परिवार

नैनी। नैनी में बंद मकान का ताला तोड़कर 7 लाख की चोरी। नैनी कोतवाली क्षेत्र में पूरा फतेह मोहम्मद मोहल्ले में बीती रात एक बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने 50 हजार रुपए नकदी समेत 7 लाख के सोने-चांदी की जेवरात एवं अन्य सामान पार कर दिया। सुबह पता चलने पर पीड़िता ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल में जुटी। फॉरेसिक टीम बुलाकर जांच पड़ताल कराई गई। पीड़िता की तरफ से अज्ञात चोरों के खिलाफ नैनी कोतवाली में लिखित तहरीर दी गई है। पुलिस की तरफ से मामले की जांच की जा रही है। नैनी कोतवाली अंतर्गत पूरा फतेह मोहम्मद निवासी जोहर इंतजार पत्नी मोहम्मद आरिफ 20 आगस्त को रिश्तेदार के यहां गई थी। घर पर उनके तालाब बंद था। 21 अगस्त को सुबह आई तो उनके घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर तीन कमरों का ताला तोडा गया था। अलमीरा में रखें 50 हजार रुपए नकद के अलावा, हार, झूमका, जंजीर, माथबेंदी, आंगुठिया, पाजेब, कमरबंद तकरीबन 6.50 लाख के सोने चांदी के जेवरात एवं अन्य सामान गायब थे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी पुलिस मौके पर पहुंची और फॉरेसिक टीम और डॉक स्क्वायड़ बुलाकर जांच पड़ताल कराई। उसके बाद वापस चली गई। इंस्पेक्टर नैनी वीरेंद्र सिंह का कहना है कि चोरी की सूचना आई है। मौके की जांच पड़ताल करके चोरों का पता लगाया जा रहा है।

नाग पंचमी के पर्व पर बाबा घुइसरनाथ धाम में श्रद्धालुओं में दिखी आस्था की उमंग

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नाग पंचमी एवं सावन के सोमवार को लेकर देवाधिदेव बाबा घुइसरनाथ की नगरी में श्रद्धालुओं का उल्लास सिर चढ़कर बोलता दिखा। सुबह जैसे ही बाबा धाम में मंदिर का पट खुला श्रद्धालु बोल बम तथा हर हर महादेव के जयकारे के साथ शिव आराधना में आस्था के गोते लगाने लगे। श्रद्धालुओं के बाबा के शिवलिंग पर जलाभिषेक का दौर अलसुबह से देर शाम तक देखा गया।

वहीं नाग पंचमी के पर्व को लेकर श्रद्धालुओं ने बाबा के साथ नाग देवता को भी बेल पत्र व दूध तथा पुष्प अर्पित कर विशेष पूजन अर्घ समर्पित किया। धाम का कोना कोना महादेव के जयकारे से दिन भर गूंजता रहा। मंदिर में घंटियों तथा जयकारे का सुर भगवान शिव की आराधना को श्रद्धालुओं के मन को अलौकिक सुख की अनुभूति कराता दिखा। देवाधिदेव की आराधना के साथ नागपंचमी पर बाबा धाम में बडी संख्या में जुटे श्रद्धालु तिरूपति श्री वेंकटेश्वर स्वामी के मंदिर के साथ परिसर में देवी देवताओं के मंदिरों में भी मत्था टेकने को लेकर उत्साहित दिखे।

बाबा घुइसरनाथ धाम में जलाभिषेक को उमडे श्रद्धालु।

नाग पंचमी पर सई पार करील के अमर वृक्ष पर भी श्रद्धालुओं को जल अर्पित करने में मगन देखा गया। सई पार बूढ़ेश्वर नाथ उपलिंग के भी दर्शन पूजन को लेकर नाग पंचमी पर श्रद्धालु मत्था टेकने पहुंचे। बाबा धाम में श्रद्धालुओं ने रोट चढ़ाया, श्रद्धालुओं को भण्डारे में प्रसाद ग्रहण कराया। वहीं क्षेत्रीय तथा दूरदराज से भी आये श्रद्धालु नाग पंचमी पर धाम में अन्नदान करते भी देखे गये। नाग पंचमी व सावन के सोमवार को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ इस कदर उमड़ी कि धाम में बड़ी संख्या में तैनात पुलिसकर्मियों को उमस के मौसम में पसीने से तर बतर देखा गया। गर्भ गृह में दर्शन पूजन के प्रबन्धन में जुटे महन्त मयंक भाल गिरि भी अपने सहयोगियों के साथ श्रद्धालुओं के जलाभिषेक में जुटे देखे गये। नाग पंचमी पर श्रद्धालुओं ने आदिगंगा सई व गंगा सागर में भी डुबकी लगायी। वहीं धाम में प्रातःकालीन आरती दर्शन में भी श्रद्धालुओं की भीड़ आस्था की अनुपम छटा बयां कर रही थी। नाग पंचमी पर बाबा धाम में लगभग दो माह के मेले में भी लोगों ने झूले का आनन्द लिया। घरेलू सामानों की खरीददारी की। सई पर बने पैदल सेतु पर पहुंचकर मछलियों को दाना अर्पित करने में भी युवाओं व महिलाओं को खासे उत्साह में देखा गया। वहीं नाग पंचमी पर लालगंज अंचल के अन्य शिव मन्दिरों में भी श्रद्धालुओं ने दूध व फल तथा मिठाई का महादेव को भोग लगाने में मगन देखे गये।

मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था हो रही चैपटः प्रमोद तिवारी

अगई सीमा पर लोगों से मिले राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्य सभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार पर गलत नीतियों के कारण अर्थव्यवस्था पर लगातार चोट पहुंचाने को लेकर हमला बोला है। प्रमोद तिवारी ने कहा कि सिर्फ चंद पूंजीपतियों का हित साधने मे जुटी मोदी सरकार को डॉलर के मुकाबले रुपए के निचले स्तर पर रोज लुढ़कने की जरा सी भी चिन्ता नही है।

उन्होनें कहा कि रुपए के लगातार इस गिरावट से पहले से ही मंहगाई की मार झेल रही जनता को और ज्यादा मंहगाई बढ़ने से रोजी रोटी के लिए भी मुश्किलों का दर्दनाक सामना करना पड़ेगा। राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि खानेपीने की वस्तुओं के साथ दवाओं तथा पढ़ाई लिखाई पर भी कीमती की यह बढ़ोत्तरी जनता के लिए असह बोझ साबित हो रहा है। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि सब्जियों की कीमतें आसमान छू रही हैं और डीजल व पेट्रोल के बढे भाव भी लोगों के मन में मंहगाई की चिन्ता को साल रही है। सोमवार को रामपुर खास के एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि जीडीपी में भी प्रतिकूल असर रोज पड़ रहा है। उन्होनें कहा कि इससे भी वैश्विक पटल पर भारत की आर्थिक साख को सरकार की कमजोरी बटटा लगा रही है। दौरे में राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने नाग पंचमी पर बाबा घुइसरनाथ धाम में मत्था टेका।

अगई सीमा पर लोगों से मुलाकात करते राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी।

यहां दर्शन पूजन कर लोगों के कल्याण की देवाधिदेव से प्रार्थना की। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने लोगों से मुलाकात में नाग पंचमी के पर्व पर शुभकामनाएं देते हुए सौहार्द के पर्व पर भाईचारे तथा बंधुत्व की भावना को मजबूत बनाने के प्रति संकल्पबद्ध होने का भी आहवान किय इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह, लालगंज प्रमुख अमित सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, के डी मिश्र, डा. अमिताभ शुक्ल, रामबोध शुक्ल, दयाराम वर्मा, हरिश्चंद्र अग्रहरि, आचार्य राजेश मिश्र, गुड्डू सिंह, सुधाकर पाण्डेय, आशीष उपाध्याय, मुरलीधर तिवारी, छोटे लाल सरोज, भइयाराम तिवारी आदि मौजूद रहे।

चोरी के सामान के साथ दो अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़/परियावां। पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में जनपद के थाना हथिगवां से उ0नि0 ओम प्रकाश सिंह व उ0नि0 कैलाश प्रसाद मय द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग पर थे।

इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र हथिगवां के मोड़ डीहा कुटी के पास से दो अभियुक्तों संदीप कुमार यादव उर्फ मुन्ना यादव पुत्र रामस्वरुप यादव नि0ग्राम नरसिंहगढ़ निकट रेलवे स्टेशन हरनामगंज थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ व रवि सोनकर पुत्र जमुना सोनकर नि0ग्राम बाबूगंज बाजार निकट तुलसी इण्टर कालेज थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़.के पास से थाना हथिगवां के मु0अ0सं0 164/23 धारा 379 भादवि से सम्बन्धित चोरी की 01 अदद ई-रिक्शा व 02 अदद देशी बम बरामद किया गया व अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई। बम बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त रवि सोनकर के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 165/23 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया। उधर थाना अन्तू से उ0नि0 शुभनाथ साहनी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र अन्तू के राजातारा बाग ग्राम नरी के पास से एक व्यक्ति सुधान्शू उर्फ आदित्य सिंह उर्फ डब्लयू सिंह पुत्र सुरेश बहादुर सिंह नि0ग्राम पूरे रामा चैहान थाना संग्रामपुर जनपद अमेठी को 10 ग्राम अवैध स्मैक व 02 अदद सैमसंग मोबाइल फोन के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में थाना अन्तू में मु0अ0सं0 348/23 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

घुघुरी लोक उत्सव में पत्रकार, समाजसेविका सहित विशिष्ट लोग हुए सम्मानित

भयहरणनाथ धाम में सबसे अच्छी गुड़िया बनाने वाली छात्रा हुई पुरस्कृत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भयहरणधाम में नाग पंचमी के अवसर पर घुघुरी लोक उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें जहां विभिन्न क्षेत्रों के विशिष्ट लोगों को सम्मानित किया गया, वहीं गुड़िया बनाकर विभिन्न स्कूलों की छात्राओं द्वारा लाकर सबसे अच्छी गुड़िया बनाने वाली को प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार दिया गया।

इसी प्रकार लगभग एक किमी की दौड़ कराई गई जिसके विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक भयहरणनाथ धाम के महासचिव समाज शेखर ने विशिष्ट लोगों को सम्मानित करते हुए कहा कि आज ऐसे लोगों को सम्मान करने का मुझे अवसर मिला है जिन्होंने सामाजिक सेवा में विशिष्ट योगदान दिया है। आज सम्मानित होने वालों में महान क्रांतिकारी बाबू गुलाब सिंह समाज गौरव सम्मान जिले के वरिष्ठ पत्रकार शैलेन्द्र मिश्र को, गुड़िया पुरस्कार समाजसेविका सारिका श्रीवास्तव, महिला अधिवक्ता मनप्रीत सिंह, आकाशवाणी लोकगायिका प्रतिमा मिश्रा, अम्मा साहब ट्रस्ट के ट्रस्टी आनंद मोहन ओझा शामिल थे।

समाजसेविका को सम्मानित करते आयोजकगण।

इसके अलावा सबसे अच्छी गुड़िया बनाने वाली छात्रा मुस्कान सरोज को प्रथम, अपेक्षा कौशल को द्वितीय तथा चांदनी यादव को तृतीय पुरस्कार दिया गया। इसी प्रकार दौड़ प्रतियोगिता में धीरज सरोज को प्रथम, नरेन्द्र यादव को द्वितीय तथा अमन को तृतीय पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार पाने वालों का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने आकर्षक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। लोकगीत व कजरी की भी प्रस्तुति हुई। इस मौके पर अध्यक्ष राज कुमार शुक्ल, मुख्य मन्दिर के पुजारी भोलानाथ तिवारी, कोषाध्यक्ष लाल जी सिंह, सहकोषाध्यक्ष कमलेश बैश्य, उपाध्यक्ष कार्यक्रम उमाकान्त पाण्डेय, सचिव कार्यक्रम आलोक बैरागी, सचिव चिन्तामणि त्रिपाठी उप सचिव कार्यक्रम राम कृष्ण अग्रहरि, अनिल मिश्र कार्यालय प्रभारी नीरज मिश्र तथा भयहरणनाथ धाम कांवरिया संघ के अध्यक्ष रामू तिवारी, सचिव धोनू सिंह, उपाध्यक्ष अनिल अग्रहरि आदि शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन समाज शेखर ने किया।

खाता संचालन में अवरोध डाल रहा प्रधानाध्यापक

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। प्रधानाध्यापक द्वारा सभासद को खाता संचालन पर रोक लगाने पर सभासद ने मुख्य विकास अधिकारी खंड शिक्षा अधिकारी सहित कई अन्य उच्च अधिकारियों को पत्र देकर मामले में कार्रवाई की मांग की है। पट्टी नगर कुम्हिया वार्ड नंबर सात की रहने वाले उषा श्रीवास्तव सभासद है। उन्होंने आरोप लगाया कि वार्ड नंबर 7 में स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा सभासद के प्रतिनिधि निशांत उर्फ गौरव को जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए विद्यालय दुबारा न आने की बात कही। पीड़ित सभासद का कहना है कि एमडीएम की व्यवस्था सुचारू रूप से नहीं की जाती है, दूध का वितरण भी नही किया जाता है। इस संबंध में पीड़ित सभासद ने उच्च अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है।

ग्रामीण क्षेत्र में चरमराई विद्युत व्यवस्था, लोगों का जीना हुआ मुहाल

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था कमजोर होने से लोग परेशान नजर आ रहे हैं जहां उमस भरी गर्मी और चिलचिलाती धूप से लोगों को राहत नहीं मिल पा रही है, वहीं लोग बिजली न होने से लोग बिलबिलाते हुए हुए नजर आ रहे हैं, वही महकमा उदासीन बना हुआ है। पट्टी विद्युत उपकेंद्र से जुड़े हुए सैकड़ों गांव इससे प्रभावित हो रहे हैं क्षेत्र के जैतापुर पहलमापुर सिरनाथपुर छतेड़ी सोनबरसा अर्जुनपुर आदि गांव में सोमवार की दोपहर से ही बिजली कट गई जिससे लोग तड़प उठे। बिजली व्यवस्था के लिए सरकार भले ही दावा करती है कि 18 घंटे ग्रामीण क्षेत्र में बिजली दी जा रही है लेकिन हकीकत है कि जरूरत पड़ने पर लोगों को 4 घंटे भी बिजली नहीं मिल पा रही है। अब देखना यह होगा कि कब विद्युत महकमा अपनी इस व्यवस्था में सुधार लाता है लोगों को गर्मी से राहत मिलती है।

सांसद आज सुनेंगे कुंडा डाक बंगला में जनसमस्या

अखंड भारत संदेश

कुण्डा, प्रतापगढ़। कौशाम्बी लोकसभा के सांसद/संसदीय आचार समिति लोकसभा के चेयरमैन/दादरा नगर हवेली एवं दमन दीव के प्रभारी विनोद सोनकर 22 अगस्त 2023 दिन मंगलवार को कुंडा नगर स्थित लोक निर्माण विभाग के डाक बंगला में अपरान्ह 12 बजे से जन समस्या सुनेंगे। उक्त जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय ने दी है।

चोरों ने लाइसेंसी पिस्टल समेत लाखों के जेवरात व नकदी उडाये, हडकंप

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। अज्ञात चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम देते हुए लाइसेंसी पिस्टल व लाखों के कीमती जेवरात के साथ दस हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। चोरी की वारदात में लाइसेंसी पिस्टल के भी गायब होने की जानकारी मिलते ही हडकंप का माहौल देखा गया। लालगंज कोतवाली के भेभौंरा गांव निवासी रिटायर्ड शिक्षक कृष्णदत्त मिश्र के पुत्र सुनील कुमार मिश्र पूर्व सैनिक हैं।

श्रद्धालुओं को महाप्रसाद ग्रहण कराकर सेवा कार्य करना पुनीत कार्यः कुँवर बहादुर

लायंस क्लब हर्ष एवं शक्ति के संयुक्त तत्वाधान में बाबा बेलखरनाथ धाम में हुआ भण्डारा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। श्रावण मास में लायंस क्लब हर्ष व शक्ति के संयुक्त तत्वाधान में बाबा बेलखरनाथ धाम में एक विशाल भंडारे का सफल आयोजन लायंस क्लब के अध्यक्ष कुँवर बहादुर सिंह के नेतृत्व में हुआ जिसमे क्लब हर्ष व शक्ति के पदाधिकारियों, सदस्यों ने सपरिवार सहभागिता कर महाप्रसाद वितरण एवं प्रबंधन में सहयोग का सेवा कार्य किया।

विशाल भंडारे का शुभारंभ क्लब के अध्यक्ष ला कुँवर बहादुर सिंह, सचिव ला राजेश बहादुर पाल,कोषाध्यक्ष ला अरविंद सिंह, प्रशासक ला संतोष भगवन, डायरेक्टर ला सतीश शर्मा, ला रामेश्वर पांडेय, ला लालजी चैरसिया, ला आलोक सिंह, ला राजेंद्र बहादुर सिंह, लायन अशोक प्रताप सिंह, लायन कृष्ण प्रताप सिंह,ला दिनेश प्रताप सिंह,ला पवन भगवन, आशा चैरसिया, विनीता सिंह, संगीता पाल, कमलेश्वरी सिंह तथा शक्ति के अध्यक्ष अनीता पांडेय, प्रशासक लक्ष्मी मिश्रा संस्थापक अध्यक्ष प्रतिभा भगवन के साथ कांवरियों को महाप्रसाद ग्रहण करा कर किया। क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से विशाल भंडारे का आयोजन हुआ है उन्होंने मंदिर के प्रबंधन तंत्र के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भंडारे के लिए जगह उपलब्ध कराकर आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग किया, श्री सिंह ने कहा कि क्लब द्वारा प्रति वर्ष श्रावण माह में भंडारे का आयोजन किया जाता है जिसमें कांवरियों के साथ श्रद्धालुओं तथा जरूरतमंद राहगीरों को महाप्रसाद का वितरण कराया जाता है। अध्यक्ष कुंवर बहादुर सिंह ने कहा की श्रावण माह में शिव भक्ति में अर्पित कांवरियों को प्रसाद खिलाने से हम सभी क्लब के पदाधिकारी गर्व व खुशी महसूस कर रहे हैं। क्लब के सचिव राजेश बहादुर पाल तथा कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह ने सभी के प्रति सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया उन्होंने बताया कि भंडारे में लगभग एक हजार से अधिक भक्तजनों ने महाप्रसाद ग्रहण किया।

भण्डारे में मौजूद लायंस क्लब हर्ष व शक्ति के पदाधिकारीगण।

उर्वरक बिक्री केन्द्रों में लिखे उपलब्ध स्टॉक का विवरण

प्रतापगढ़। जिला कृषि अधिकारी/उर्वरक निबन्धन ने जनपद के समस्त थोक एवं फुटकर विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठान पर फर्म का बोर्ड, रेट बोर्ड, स्टॉक बोर्ड पर प्रतिदिन का स्टाक साफ स्पष्ट एवं रेटबोर्ड पर उर्वरकों का रेट पेन्ट से अंकित होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त समस्त उर्वरक विक्रय प्रतिष्ठानों पर स्टॉक पंजिका, वितरण पंजिका एवं कैश मेमो का उपलब्ध रहना अनिवार्य है। निरीक्षण के समय यदि किसी उर्वरक विक्रेता द्वारा दिये गये निदेर्शों का पालन नही किया जाता है तो सम्बन्धित उर्वरक विक्रेता के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 एवं उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के अन्तर्गत सम्बन्धित थाने में अभियोग पंजीकृत कराते हुये उर्वरक विक्री के व्यवसाय से वंचित कर दिया जायेगा।

टेल तक नही पहुंच रहा नहर का पानी, पम्पिग सेट से सिंचाई को मजबूर किसान

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। शारदा सहायक खंड 36 में नहर का पानी पर्याप्त होने के बावजूद भी उसकी जुड़ी हुई नहर में टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है, जिसके कारण किसान परेशान है और पंपिंग सेट के जरिए अपने खेत को सींचने के लिए मजबूर दिखाई दे रहे हैं, वहीं नहर विभाग के इस मामले में उदासीन दिखाई दे रहा है।

पट्टी तहसील में शारदा सहायक खण्ड 36 होकर गुजरती है जिससे जुड़ी हुई कई छोटी नहरो में टेल तक पानी नहीं पहुंच पाने के कारण किसान बहुत परेशान हैं। शारदा सहायक खंड 36 से जुड़ी हुई भानेपुर माइनर के किनारे बसे हुए गांव तिवारीपुर,फतेहपुर, भरोखन, उमरडिहा, रूर, बाभनपुर से होते हुए रेडीगारापुर तथा उसके बाद पूरे बंशीधर गंधियावा होते हुए कठार तक नहर जाती है। नहर के किनारे भरोखन गांव तक पानी पहुंच रहा है लेकिन नहर के अंतिम छोर रेडीगारापुर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

किसान अपने खेतों में इस समय खाद डाल चुके हैं उन्हें पानी की सख्त आवश्यकता है मगर बीच में प्रभावशाली लोग नहर का पानी रोककर पानी को आगे जाने से अवरुद्ध कर रहे हैं। वहीं रेडीगारापुर में पर्याप्त साफ सफाई न होने और उसमें कूड़ा करकट अधिक हो जाने के कारण पानी टेल तक नहीं पहुंच पा रहा है जिससे किसान परेशान है। रेडीगारापुर के रहने वाले जितेंद्र वर्मा मंगतूराम वर्मा, देवेंद्र सिंह, शेर बहादुर यादव, राम अवध यादव, देवनाथ पांडे, शिव प्रसाद गुप्ता सहित आदि लोगों का कहना है कि पानी रहने के बावजूद भी हम किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पाता है भले ही सरकार किसानों की हित की बात करती हो लेकिन अंतिम छोर तक रहने वाले नहर के किनारे अगर किसानों को पानी नहीं उपलब्ध हो पा रहा है तो भला सरकार की योजनाओं का भरपूर लाभ कैसे लोगो को मिल सकता है।

कल्याण सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते भाजयुमो पदाधिकारी।

भाजुयमो ने मनाई पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की पुण्यतिथि

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि भाजयुमो कार्यालय पर मनाई गई। इस दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष भाजयुमो अंशुमान सिंह के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के व्यक्तित्व पर गहराई से प्रकाश डाला। इस मौके पर विक्रम सिंह, मदन पाल, प्रदीप, रोहित, मयंक, प्रांजल, गजराज, शैलेश, विक्रम, आशुतोष, दिनेश, आदि लोग मौजूद रहे।

जिले का लाल ड्यूटी के दौरान हुआ शहीद

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिले का एक और लाल ड्यूटी के दौरान शहीद हो गया। बता दें कि लेह (जम्मू कश्मीर) में नायब सूबेदार लालजी यादव ड्यूटी के दौरान शहीद हो गए। उनके शहीद होने की खबर जब पैतृक गांव नगर कोतवाली क्षेत्र के भुपियामऊ बहलोलपुर गांव पहुंची, तब क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। संभावना जताई जा रही है कि नायब सूबेदार लालजी यादव का पार्थिव शरीर मंगलवार तक गांव में पहुंचने की उम्मीद है।

नायब सूबेदार लालजी यादव (फाइल फोटो)।

सीनियर वर्ग कुश्ती में हिमांशु लंबी कूद में प्रवेश ने जीता गोल्ड

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, को बीबीएफजी के फ्री स्टडी सेंटर भंगवा में आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में नौनिहालों ने दमखम दिखाया। कुश्ती में 45 किलो भार में हिमांशु, 40 किलो में साहिल और 35 किलो में परवेश ने गोल्ड जीता। लंबी कूद में भी इन्ही तीनों खिलाड़ियों का ही दबदबा रहा। लवकुश, आर्यन प्रजापति, निखिल दूसरे और सर्वेश तीसरे स्थान पर आए। जूनियर वर्ग लंबी कूद में अजय ने गोल्ड जीता। अंश कुमार दूसरे और जय प्रकाश तीसरे स्थान आए। सेंटर के शिक्षक दीपेश ने पुरस्कार में खिलाड़ियों में मेडल पहनाकर उनका सम्मान किया। राहुल निर्णायक की भूमिका में रहे।

दो बाइकों की आमने सामने जोरदार भिड़ंत एक की मौत दो गंभीर घायल

अखंड भारत संदेश

हादसे में दोनों गम्भीर घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

कौशांबी। पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अंदावा नहर के पास सोमवार की शाम लगभग 5:00 बजे आमने सामने से दो बाइक जोरदार टकरा गयी हैं टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक दूर छिटक कर गिर गई और बाइक सवार सड़क पर गिर कर लहूलुहान हो गए मौके पर कोहराम मच गया मामले की सूचना मिलते ही आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मजदूर और ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बचाव एवं राहत के कार्य में लग गए मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने एक युवक की मौत की पुष्टि कर दी है युवक की मौत होते ही परिवार में कोहराम मच गया है और रोते बिलखते रिश्तेदार परिजन मौके पर पहुंच गए हैं।

जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा कस्बे के रहने वाले अंकुश केसरवानी उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र गुलाब चंद्र केसरवानी सोमवार की शाम को बाइक से अंदावा की तरफ जा रहे थे जैसे ही वह अंदावा नहर पर पहुंचे सामने से बाइक में महेवा घाट थाना क्षेत्र के निगाहा गांव निवासी बबलू और मोटू पश्चिम शरीरा की ओर जा रहे थे बताया जाता है कि सामने से आ रही बाइक सवार शराब के नशे में धुत थे और अनियंत्रित तरीके से बाइक चला रहे थे अंकुश संभल पाते कि इसके पहले सामने से आ रहे बाइक सवार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक में सवार तीनों लोग सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए बाइक काफी दूर जा कर गिरी टक्कर की आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान मजदूर मौके पर पहुंचे राहगीर भी घटनास्थल पर रुक गए और बचाव एवं राहत कार्य में लग गए मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई हादसे में प्रभावित लोगों को इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां अंकुश केसरवानी की मौत की पुष्टि चिकित्सकों ने कर दी अंकुश की मौत की जानकारी मिलते ही उनके परिवार रिश्तेदारों में कोहराम मच गया रोते बिलखते परिवार और रिश्तेदार मौके पर पहुंच गए मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे में घायल बबलू और मोटू का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है।

पूरे जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नाग पंचमी गुड़िया का पर्व

कौशाम्बी। नाग पंचमी गुड़िया का पर्व पूरे जनपद में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया है सोमवार के दिन सुबह स्नान ध्यान पूजन के बाद घर-घर में नाग देवता को दूध चढ़ाया गया है भक्तों में शिव मंदिरों में भी पूजा अर्चन किया है कुछ घरों में नाग देवता की पूजा भी की गई है नाग पंचमी के दिन घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए गए हैं शाम को छोटी-छोटी बच्चियों ने कपड़े के पुतले से गुड़िया बनाई है और चौराहे पर उसे फेंक दिया है परंपरा के अनुसार छोटे छोटे बालक और छोटी छोटी बच्चियां इस दिन नया वस्त्र धारण कर नाग पंचमी का पर्व बड़े ही हर्ष और उल्लास उमंग के साथ मनाते हैं चौराहों के पास ढोल नगाड़े के साथ नाग पंचमी गुड़िया का पर्व धूमधाम से मनाया गया है जहां हजारों लोगों की भीड़ लगी रही कुछ स्थानों पर इस दिन मेले का आयोजन भी किया गया है कपड़े की बनी पुतला रूपी गुड़िया को बच्चियों द्वारा फेकने के छोटे-छोटे बच्चों ने कपड़े की पुतला रूपी गुड़िया की डंडे से पिटाई की है गांव से लेकर शहर तक नाग पंचमी का पर्व बड़े उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया है नाग पंचमी एक जीवंत त्योहार है जहां भक्त नाग देवता की पूजा और दूध चढ़ाते हैं। इस अनुष्ठान का पालन अपने प्रियजनों, विशेषकर भाइयों के लिए सुरक्षा की मांग करके किया जाता है। यह एकता का दिन है, जहां लोग परिवार के बंधन का जश्न मनाने के लिए एक साथ आते हैं और नाग देवताओं से आशीर्वाद मांगते हैं।

चौरसिया एकता दिवस के रूप में मनायी गयी नागपंचमी

अखंड भारत संदेश

सराय अकिल कौशाम्बी। अखिल भारतीय आदर्श चौरसिया महासभा कौशाम्बी के तत्वावधान में नागपंचमी पर्व को बड़े ही धूमधाम हर्षोल्लास के साथ चौरसिया एकता दिवस के रूप में इन्द्र वाटिका गेस्ट हाउस करारी में मनाई गई इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीपी चौरसिया व विशिष्ट अतिथि अर्जुन प्रसाद व राकेश कुमार चौरसिया रहे।सभा की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष झल्लर प्रसाद चौरसिया ने की आयोजन बालक व छोटे लाल चौरसिया सहित चौरसिया समाज करारी के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पीपी चौरसिया ने कहा कि चौरसिया समाज में ऐतिहासिक काल से ही अनेक सूरमा पैदा हुये जिन्होंने समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में महान योगदान दिया उन्होंने संगठन के युवा पदाधिकारियो से कहा कि आप सब इसी तरह समाज की सेवा में लगे रहे और चौरसिया समाज को सभी क्षेत्रो में बढ़ाने का कार्य करे जिससे समाज आगे बढ़ सके समाज मे मानसम्मान प्राप्त कर सके। जहाँ जरूरत होगी मैं आप सभी के सहयोग में तात्पर्य रहूँगा। सभा की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष झल्लर प्रसाद चौरसिया ने आये हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और समाज की हर लड़ाई लड़ने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर नन्हे लाल, जयस्वरूप, संजीव कुमार, कामता प्रसाद, गंगा प्रसाद, मनोज, रामसुमेर, रविकरन, हीरालाल, राम स्वरूप, वीरेन्द्र मोहन लाल, राजेन्द्र प्रसाद सहित काफी संख्या में चौरसिया समाज के लोग मौजूद रहे।

मां दुर्गा की फोटो छूने से आक्रोशित हुए प्रधानाचार्य ने छात्र को बेरहमी से पीटा

अखंड भारत संदेश

मामले की जानकारी होने पर परिजन के विद्यालय पहुंचने के पूर्व ही भाग खड़ा हुआ प्रधानाध्यापक

भरवारी कोशांबी सरकारी विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र ने मां दुर्गा की फोटो छू लिया जिससे विद्यालय के प्रधानाध्यापक आक्रोशित हो गए और उन्होंने छात्र को बेरहमी से पीटा है जिससे छात्र के हाथों में सूजन आ गई है मामले की जानकारी छात्र ने परिजनों को दी है जिससे परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। नगर पालिका परिषद भरवारी के कंपोजिट विद्यालय चक माहपुर पांडे विद्यालय में कक्षा 7 में पढ़ने वाले छात्र साई दास पुत्र राम प्रसाद ने 19 अगस्त को दुर्गा माता की फोटो को छू लिया था यह बात स्कूल के प्रधानाध्यापक मोहमद सलीम को खराब लगी और प्रधानाध्यापक ने छात्र को पास में बुलाकर डंडे से बेरहमी से पीटना शुरू कर दिया। प्रधानाध्यापक की पिटाई से छात्र रोता चिल्लाता रहा छात्र की पिटाई देखकर अन्य छात्र भी सहम गए लेकिन प्रधानाध्यापक पर सवार भूत नहीं उतर सका जल्लाद बने प्रधानाध्यापक की पिटाई से उक्त छात्र के हाथ के गढोली की खाल निकल गई जिसके चलते उसके परिजन ने बेटे के हाथ की स्थिति को देखते हुए अपने बेटे और प्रधानध्यापक से मिलने तत्काल विद्यालय पहुँच गए लेकिन परिजनों के पहुंचने के पहले ही प्रधानाध्यापक विद्यालय से भाग खड़ा हुआ वरना परिजन उसका भूत उतार देते। रविवार और नागपंचमी के त्योहार को लेकर दो दिन का अवकाश हो चुका था इसी कारण से प्रधानाध्यापक से मुलाकात नही हो सकी।

पुलिस कार्यालय पहुंचे फरियादियों की जन शिकायतों को एसपी ने सुना

अखंड भारत संदेश

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में थानेदार असफल रहे तो उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी

कौशाम्बी। पुलिस कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे फरियादियों की जन समस्याओं को पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव द्वारा सुना गया और संबंधित थानेदारों को शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के कड़े निर्देश दिए हैं जन समस्याओं को सुनते हुए पुलिस अधीक्षक ने कहा कि फरियादियों को थाना स्तर पर ही न्याय मिले उन्हें पुलिस कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े थानेदार गुणवत्ता पूर्ण तरीके से फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उसका समय सीमा के अंदर निस्तारण करें उन्होंने कहा कि यदि शिकायतों के निस्तारण में थानेदार असफल रहे तो उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी प्रतिदिन की तरह सोमवार को पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को पुलिस अधीक्षक ने सुना तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये

विभिन्न थानों पर सम्बन्धित प्रभारी द्वारा की गई जनसुनवाई : पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों पर सम्बन्धित प्रभारी द्वारा जनसुनवाई की गयी। इस दौरान आने वाले फरियादियों की समस्याओं को थाना पुलिस द्वारा सुना गया तथा समस्या के निस्तारण हेतु भरोसा दिलाया गया।

न्यूज झरोखा

मंझनपुर कोतवाली का पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण

कौशाम्बी। पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी द्वारा रविवार को थाना मंझनपुर का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान थाना कार्यालय, महिला व साइबर हेल्प डेस्क, मेस, बंदी गृह, शस्त्रागार, सीसीटीएनएस कक्ष व थाना परिसर को पुलिस अधीक्षक द्वारा चेक किया गया। संबंधित पुलिसकर्मियों से जानकारी ली गई फरियादियों को त्वरित न्याय देने का निर्देश दिया गया साथ ही दस्तावेजों के रख-रखाव एवं परिसर की साफ-सफाई हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा कोतवाल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए एसपी के निरीक्षण के दौरान कोतवाली में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

नाजायज चाकू के साथ पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार

कौशांबी। मुखबिर खास की सूचना पर मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग स्थानों से दो युवकों को नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया है चित्रकूट जनपद के मऊ थाना क्षेत्र के मनकुआ के रहने वाले शिव बली निषाद पुत्र राजकुमार निषाद को ओसा चौराहे के पास से एक चाकू के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को अदालत भेज दिया है इसी तरह मंझनपुर कोतवाली पुलिस ने नन्दलाल उर्फ नंदू पुत्र शंकर लाल सरोज निवासी निजाम पुर नौगीरा कोतवाली मंझनपुर को पाल चौराहे के पास से एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है लिखा पढ़ी करने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को अदालत में पेश किया है।

दो अभियुक्तों से पुलिस ने 17 हजार नगद दो तमंचा किया बरामद

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग मंदिरों से दान पेटी चोरी किए जाने के मामले का पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में दिखाई पड़ रही बाइक को आधार मानकर अपनी जांच की दिशा आगे बढ़ाई पुलिस की जांच में दो संदिग्ध आरोपी पकड़े गए हैं जिनके कब्जे से पुलिस ने दो तमंचा बरामद किया है दान पेटी के रुपए और मंदिर से चोरी अन्य सामान की बिक्री से मिले 17 हजार से अधिक रुपए को बरामद कर लिया है पकड़े गए आरोपियों की पहचान श्याम पुत्र रतई निवासी पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा और अनिल कुमार पुत्र रमेश चन्दनापुर थाना सराय अकिल के रूप में हुई है पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश किया है।

विद्युत करंट की चपेट में आए युवक की मौत

कौशांबी। मंझनपुर थाना क्षेत्र के कादिराबाद गांव निवासी राकेश कुमार उम्र 32 वर्ष पुत्र राम लोटन ई रिक्शा चलाने का काम करता था सोमवार की सुबह 10:00 बजे के लगभग ई रिक्शा बैटरी को घर पर लगे बिजली के बोर्ड से चार्ज कर रहा था तभी अचानक कहीं से तार कटी होने के कारण राकेश कुमार करंट के चपेट में आ गया परिजन युवक को एक निजी अस्पताल में गए जहां इलाज के दौरान राकेश कुमार ने 5:00 बजे शाम के लगभग दम तोड़ दिया राकेश कुमार के दम तोड़ने से परिजनों में मातम छा गया और परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है नाग पंचमी का त्यौहार होने के कारण पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है।

ठीक से कार्य न करने वाले सीएचओ को चेतावनी जारी किया जाए : डीएम

जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा सम्राट उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक की गई बैठक में जिलाधिकारी ने परिवार कल्याण कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि लाभार्थियों का 97 प्रतिशत भुगतान एवं आशाओं का 96 प्रतिशत भुगतान हो चुका है, जिस पर जिलाधिकारी ने कार्ययोजना बनाकर शीघ्र शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। इसके साथ ही उन्होंने संस्थागत प्रसव में भी अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को नियमित टीकाकरण में प्रगति तथा आरसीएच पोर्टल, मंत्रा ऐप तथा ई-कवच पोर्टल पर फीडिंग में प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि कोल्ड चैन को मानक के अनुसार व्यवस्थित रखा जाय। उन्होंने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत नियमित रूप से अल्ट्रासाउण्ड सेन्टरों की जॉच करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जनपद में संचालित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर की जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि सभी हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटर क्रियाशील रखा जाए तथा सभी में सीएचओ व एएनएम की तैनाती अवश्य रहे उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी से कहा कि ठीक प्रकार से कार्य न करने वाले सीएचओ को चेतावनी जारी किया जाय। उन्होंने पोषण पुनर्वास केन्द्र की समीक्षा के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी को पोषण पुनर्वास केन्द्र में और कुपोषित बच्चो को भर्ती करवाने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत जुलाई माह में 12609 गोल्डेन कार्ड बनाये गये तथा जुलाई तक कुल 338731 गोल्डेन कार्ड बनाये जा चुकें हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने गोल्डेन कार्ड बनाये जाने के कार्य में और तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अन्तर्गत जिला चिकित्सालय तथा जनपद के सामु0/प्राथ0 स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रत्येक माह की 01,09,16, एवं 24 तारीख कों चिकित्सकों की टीम द्वारा हाई रिस्क चिन्हित गर्भवती महिलाओं को सेवायें-घर से स्वा0 केन्द्र तक लाने की परिवहन सुविधा, आवश्यक जॉचे, हीमोग्लोविन प्रतिशत अति न्यून होने पर खून चढ़ाने की सुविधा, आवश्यक उपचार (औषधि एवं कंज्यूमेबिल्स की व्यवस्था), सेवा के उपरान्त घर तक परिवहन की सुविधा तथा चिन्हित अति जोखिम ग्रस्त महिलाओं के लिए ए0एन0एम0 व आशा द्वारा विशेष फालोअप प्रदान की जाती है। जुलाई माह में 3026 महिलाओं की प्रसव पूर्व देखभाल तथा 156 अति जोखिम ग्रस्त गर्भवती महिलाओं का उपचार किया गया। जिलाधिकारी द्वारा राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, हेल्थ एवं वेलनेस सेन्टर, मातृ-मृत्यु सूचना एंव आडिट, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान, राष्ट्रीय कुष्ठ रोग कार्यक्रम एवं क्षय रोग नियन्त्रण कार्यक्रम आदि की प्रगति की भी विस्तृत समीक्षा की गई इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी एवं सीएमओ डा. सुषेन्द्र कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

शांति सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विभिन्न थाना पुलिस ने किया पैदल गस्त

कौशाम्बी। जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत विभिन्न थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में पैदल ग्रस्त किया है लोगों से मुलाकात कर उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया है और वाहनों को सड़क पर ना खड़ा करने के हिदायत दी है थाना संदीपनघाट कोखराज चरवा करारी कड़ा धाम सैनी सराय अकिल महेवाघाट पश्चिम सरीरा मंझलपुर पिपरी मोहब्बतपुर पइंसा सहित विभिन्न थाना पुलिस द्वारा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त किया गया तथा आमजनमानस से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया व संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की गई कानून,शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना कोखराज पुलिस द्वारा सिहोरी बाईपास पर पैदल गश्त की गई एवं संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की चेकिंग की गई।

मंझनपुर पुलिस ने चलाया नारी सुरक्षा अभियान

कौशाम्बी। नारी सुरक्षा स्वावलंबन की दिशा में चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा विद्यालय की बालिकाओं बच्चों अध्यापकों को उनके अधिकारों के संबंध में बताया गया नारी बालिकाओं महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों के प्रति महिलाओं बच्चियों को बताया गया वक्त पड़ने पर महिलाएं बच्चियां अपने को कैसे सुरक्षित रखें इस बारे में उन्हें पूर्ण रूप से परिचित कराया गया महिला सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया तथा भरोसा दिलाया गया कि उनकी सुरक्षा और सहयोग के लिए पुलिस हमेशा उनके साथ है।

पीछे के जमीन मालिक जबरिया आगे की जमीन पर कब्जा करने का कर रहे प्रयास

अखंड भारत संदेश

एसडीएम व लेखपाल के स्पष्टीकरण करने के बाद भी महिला न्याय के लिए लगा रही दौड़

कोखराज कौशाम्बी। सिराथू तहसील अंतर्गत कोखराज थाना क्षेत्र के मारूफपुर गांव में सुनीता केसरवानी के जमीन पर जबरिया दबंग परिवार कब्जा कर रहे हैं जबकि सुनीता देवी की जमीन के मामले में उप जिलाधिकारी ने स्पष्ट आदेश दिया है। लेखपाल ने भी स्पष्टीकरण किया है लेकिन उसके बाद भी दबंग अपने पीछे की जमीन छोड़कर आगे की जमीन पर कब्जा करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं आए दिन गाली गलौज करते हैं मारपीट करते हैं आखिर इन दबंगों को किस का संरक्षण मिला है जिससे दूसरे की जमीन कब्जा करने वाले मनमानी पर उतारू है स्थानीय थाना पुलिस दबंगों पर कार्रवाई करती नहीं दिख रही है। बताते चलें कि सुनीता केसरवानी पत्नी राकेश कुमार व संदीप केसरवानी पुत्र सुरेश कुमार गौरा रोड़ भरवारी तहसील चायल ग्राम मारुफपुर की आजादी संख्या 19 मि० रकवा 0.0210 के सहखातेदार है लेखपाल पवनकुमार राय के स्पष्ट चिंन्हीकरण के अनुसार सुनीता केसरवानी आदि अपनी जमीन पर निर्माण कर रहे हैं लेकिन पंकज यादव पुत्र बुद्धिलाल अपने अन्य भाइयों परिवार व घर की महिलाओं को आगे कर बाजबरन दबंगई के बल पर उक्त लोगो की जमीन पर निर्माण को रोककर जबरिया कब्जा का प्रयास कर रहे हैं पंकज यादव के शिकायत पर पुलिस निर्माण रोकने पहुंच जाती है जिससे पीड़ित सुनीता केसरवानी ने मामले की शिकायत पुलिस से हुई है बताते चलें कि पंकज यादव आदि अपने पडोसी महिला सुनीता केसरवानी व संदीप केसरवानी की कीमती जमीन रोड़ फ्रंट में होने की वजह से पंकज यादव परिवार कब्जा की फिराक में लगा है जिससे विवाद की स्थिति बनी हुई है पंकज यादव के परिवार में संख्या बल अधिक होने से वह अपनी दबंगई के कारण सुनीता केसरवानी की जमीन पर कब्जा कर विवाद की स्थिति खड़ा कर रहा है बार्डर में कीमती जमीन होने के कारण जबरन बदनीयती के कारण लड़ाई झगड़ा कर मकान ना बनाने देने पर अमादा है गलत शिकायत पर भी पुलिस सच्चाई देखे बगैर निर्माण रोकने पहुंच जाती है दूसरे की जमीन पर कब्जा करने की नियत रखने वाले पंकज यादव आदि पर पुलिस ने कार्यवाही नहीं किया है मकान बनाने में बाधा बनना व परेशान करना, प्रशासन के प्रयास व समझाने व कागजात मांगने पर पंकज यादव परिवार का कागज ना दिखाना व जमीन नपवाने का समय एक हफ्ता देने के बाद भी कुछ ना करना उसके दबंगई का जीता जागता सबूत है।

राजस्व अभिलेखों के अनुसार नक्शा में भी महिला सुनीता केसरवानी का गाटा आगे है जबकि पीछे पंकज यादव परिवार की जमीन लेखपाल बता चुके हैं लेकिन पंकज यादव परिवार भाइयों व घर की महिलाओं के साथ मिलकर सुनीता केशरवानी आदि के साथ मार पीट झगड़ा पर अमादा है दबंग पंकज यादव वा उनके परिवार की महिलाओं व परिवार जनों के आगे स्थानीय प्रशासन नतमस्तक दिखाई पड़ रहा है। आखिर कैसे सुनीता केसरवानी व संदीप को उपजिलाअधिकारी के आदेश पर लेखपाल के स्पष्टीकरण करने के बावजूद अपनी जमीन पर कब्जा मिलेगा दूसरे की जमीम पर जबरिया कब्जा करने की नीयत रखने वालों पर क्या प्रशासन कठोर कार्रवाई कर दबंग का हौसला तोड़ेगा।

करारी पुलिस के साथ सीओ ने करारी कस्बे में किया पैदल भ्रमण

कौशाम्बी। कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने और अपराधियों की नकेल कसने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी मंझनपुर द्वारा थाना करारी पुलिस के साथ करारी कस्बा में पैदल भ्रमण किया गया है फूटमार्च के दौरान क्षेत्राधिकारी ने कस्बे के व्यापारियों से अपने-अपने दुकान और घरों में सीसीटीवी लगाने के संबंध में उन्हें प्रेरित किया है क्षेत्राधिकारी ने कहा कि सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने के बाद अपराधी घटना करने में भय खाते हैं और यदि किसी अपराधी ने किसी घटना को अंजाम दिया तो घटना का खुलासा और अपराधी तक पुलिस को पहुंचने में सीसी टीवी कैमरे से पुलिस को मदद मिलती है जिससे घटनाओं का खुलासा तुरंत हो जाता है कस्बे में पैदल भ्रमण के दौरान पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों को चेक किया तथा जनता और व्यापारियों से बातचीत कर भयमुक्त माहौल के लिए आश्वस्त किया।

गायब बालक को करारी पुलिस ने खोज निकाला

करारी कौशांबी। करारी थाना क्षेत्र के शुक्लन पुरवा गांव से 19 अगस्त को एक 16 वर्षीय बालक रहस्यमय परिस्थितियों में घर से गायब हो गया मामले की सूचना परिजनों ने थाना पुलिस को दिया था गायब बालक को खोजने के लिए करारी कोतवाल गणेश प्रसाद सक्रिय हुए और पुलिस टीम के साथ बालक के लोकेशन का पता लगाने लगे पुलिस की कड़ी मेहनत के बाद बालक का लोकेशन मिल गया करारी पुलिस ने दो दिन में बालक को खोज कर उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया है बालक के मिलने के बाद परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है।

संपादक की कलम से

भविष्य के लिए सुपर फ्यूल साबित हो सकता है हाइड्रोजन फ्यूल !

भारत में अब हाइड्रोजन ईंधन का प्रयोग होने लगा है। हाल ही में लेह में देश की पहली हाइड्रोजन बस का ट्रायल रन शुरू किया गया है, यह बहुत ही काबिले तारीफ इसलिए है क्यों कि कार्बन-तटस्थ समाज बनाने में बैटरी विद्युतीकरण और नवीकरणीय ईंधन के साथ हाइड्रोजन ईंधन एक प्रमुख भूमिका निभा सकता है। यहां उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी हाइड्रोजन फ्यूल से चलने वाली इलेक्ट्रिक व्हीकल से संसद पहुंचे थे और उस समय हाइड्रोजन वाली इस कार ने खूब सुर्खियां बटोरीं थीं। अब तो ट्रेनों को भी इससे संचालित करने के संबंध में लगातार चर्चा की जा रही है। भविष्य में हाइड्रोजन से ट्रेनें चलने लगें तो इसमें कोई आश्चर्य नहीं होगा क्योंकि हाइड्रोजन सुपर फ्यूल या भविष्य का फ्यूल साबित हो सकता है। दरअसल, हाइड्रोजन एक ऊर्जा वाहक है जिसमें ऐसे गुण विद्यमान हैं जो ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के शुद्ध योग को कम करने में मदद कर सकते हैं। हाईड्रोजन-एक रंगहीन, गंधहीन गैस है, तथा प्रदूषण मुक्त है।

पाठकों को जानकारी देना चाहूंगा कि हाइड्रोजन क्लीन एनर्जी के अंतर्गत आता है। ये एक ऐसा तत्व है जो वायुमंडल में किसी न किसी से जुड़ा हुआ प्राप्त होता है। ये शुद्ध रूप से वायुमंडल में उपलब्ध नहीं हो पाता है। इसमें बहुत ऊर्जा पाई जाती है। धरती पर ये जटिल अणुओं जैसे पानी या हाइड्रोकार्बन के तौर पर पाया जाता है। ये ऊर्जा का स्रोत नहीं बल्कि वाहक है यानी इस्तेमाल के लिए इसका उत्पादन किया जा सकता है, इसे अलग किया जा सकता है या संग्रहित किया जा सकता है। हाइड्रोजन के जलने पर पानी ही बनता है। हाइड्रोजन को प्राप्त करने के लिए जल में इलेक्ट्रोलिसिस की क्रिया अपनाई जाती है। पाठकों को यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि हाइड्रोजन से सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसका स्थानीय संसाधनों से स्थानीय स्तर पर ही उत्पादन किया जा सकता है और इस प्रकार से यह दुनिया के लिये 'भविष्य का ईंधन' साबित हो सकता है। उल्लेखनीय है कि हाइड्रोजन ईंधन, ऑक्सीजन के साथ जलने पर 'शून्य-उत्सर्जन' (जीरो एमिशन) करता है। हाइड्रोजन ईंधन के उपयोग से उत्सर्जित होने वाला एकमात्र उप-उत्पाद 'पानी' होता है। इसीलिए ये ईंधन 100 प्रतिशत स्वच्छ माना जाता है। इसका उपयोग ईंधन सेलों अथवा आंतरिक दहन इंजनों में किया जा सकता है।

यह पेट्रोलियम की तुलना में बहुत कम प्रदूषणकारी है। साथ ही यह एक गैर-नवीकरणीय स्रोत है और इसे लंबे समय तक प्राप्त या निर्मित किया जा सकता है। इतना ही नहीं, ये सस्ता और हल्का भी होता है। यदि एक्सपर्ट्स की मानें तो 1 किलो हाइड्रोजन करीब 4.5 लीटर डीजल के बराबर होता है। ऐसे में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के बीच इसे एक बेहतरीन विकल्प माना जा रहा है। जानकारी देना चाहूंगा कि भारत में वर्ष 2005 में एक राष्ट्रीय हाइड्रोजन नीति तैयार की गई थी, जिसका उद्देश्य हाईड्रोजन ऊर्जा के उत्पादन, भंडारण, परिवहन, सुरक्षा, वितरण एवं अनुप्रयोगों से संबंधित विकास के नये आयाम उपलब्ध कराना है। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख की राजधानी लेह में हाइड्रोजन से चलने वाली बस का पहुंचाना वास्तव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्बन न्यूट्रल लद्दाख बनाने की घोषणा के संदर्भ में एक शानदार व नायाब पहल कही जा सकती है।

मोदी-विरोध के नाम पर देश-विरोध क्यों?

-ललित गर्ग-

एक बार फिर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री को नीचा दिखाने के इरादे से लद्दाख में चारागाह भूमि पर चीनी सेना का कब्जा होने का दावा किया है, निश्चित इस तरह के बयान न केवल सेना के मनोबल को कमजोर करते हैं बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, एकता एवं अखण्डता को ध्वस्त करते हैं। राहुल गांधी मोदी-विरोध में कुछ भी बोले, यह राजनीति का हिस्सा हो सकता है, लेकिन वे मोदी विरोध के चलते जिस तरह के अनाप-शनाप दावे करते हुए गलत बयान देते हैं, वह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दशार्ता है। आखिर कब राहुल एक जिम्मेदार एवं विवेकवान सशक्त नेता बनेंगे?

राहुल गांधी ने कथित तौर पर लद्दाख की जमीन पर चीन का कब्जा होने का जो दावा किया गया है, वह जल्दीबाजी में बिना सोच के दिया गया गुमराह करने वाला बयान है, उससे यही पता चलता है कि उन्हें न तो प्रधानमंत्री की बातों पर यकीन है, न रक्षा मंत्री की और न ही विदेश मंत्री की। यह भी स्पष्ट है कि उन्हें शीर्ष सैन्य अधिकारियों पर भी भरोसा नहीं। ध्यान रहे, वह सर्जिकल और एयर स्ट्राइक पर भी बतूके सवाल खड़े कर चुके हैं। उनकी कार्यशैली एवं बयानबाजी में अभी भी बचकानापन एवं गैरजिम्मेदाराना भाव ही झलकता है। लगता है कांग्रेस के शीर्ष नेता होने के कारण वे अहंकार के शिखर पर चढ़ बैठे हैं, निश्चित ही राहुल के विष-बुझे बयान इसी राजनीतिक अहंकार से उपजे हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के सबसे बड़े दुश्मन राष्ट्र की वे तरफदारी करते एवं चीन के एजेंडे को बल देते नजर आते हैं। उनका यह रवैया नया नहीं, लेकिन यह देश के लिये घातक है। यह भूला नहीं जा सकता कि डोकलाम विवाद के समय वह भारतीय विदेश मंत्रालय को सूचित किए बिना किस तरह चीनी राजदूत से मुलाकात करने चले गए थे। जब इस मुलाकात की बात सार्वजनिक हो गई तो उन्होंने यह विचित्र दावा किया कि वह वस्तुस्थिति जानने के लिए चीनी राजदूत से मिले थे। क्या इससे अधिक गैरजिम्मेदाराना हरकत और कोई हो सकती है? राहुल गांधी अपने आधे-अधूरे, तथ्यहीन एवं विध्वंसात्मक बयानों को लेकर निरन्तर चर्चा में रहते हैं। उनके बयान हास्यास्पद होने के साथ उद्देश्यहीन एवं उच्छृंखल भी होते हैं। राहुल ने पहले भी बातों-बातों में यह कहा था कि चीन ने भारत की जमीन पर कब्जा कर लिया है। वह देश के प्रमुख विपक्षी दल के नेता हैं। सरकार की नीतियों से नाराज होना, सरकार के कदमों पर सवाल उठाना उनके लिए जरूरी है। राजनीतिक रूप से यह उनका कर्तव्य भी है। लेकिन चीन के साथ उनकी सहानुभूति अनेक प्रश्नों को खड़ा करती है। ऐसे ही सवालों में आज तक इस सवाल का जवाब भी नहीं मिला कि आखिर राजीव गांधी फाउंडेशन को चीनी दूतावास से चंदा लेने की जरूरत क्यों पड़ी? वह यह नहीं बताते कि 2008 में अपनी बीजिंग यात्रा के दौरान सोनिया गांधी और उन्होंने कम्युनिस्ट पार्टी से समझौता क्यों किया था?

राहुल को यह भी विस्मृत नहीं करना चाहिए कि जवाहरलाल नेहरू के समय चीन ने किस तरह पहले तिब्बत को हड़पा और फिर 1962 के युद्ध में ह्यहिन्दी चीनी भाई-भाईह्ल का नारा जप कर भारत माता की 45,000 वर्ग किलोमीटर भूमि चीन को दे दी। आज जब भारत चीन के अतिक्रमणकारी एवं अति महत्वाकांक्षी रवैये के खिलाफ डटकर खड़ा है और उसे उसी की भाषा में जवाब दे रहा है तब राहुल गांधी जानबूझकर प्रधानमंत्री की एक सशक्त एवं विश्व नेता की छवि पर हमला करने के लिए उतावले रहते हैं। वह अंध मोदी विरोध के चलते सारी मयार्दाओं का अतिक्रमण कर जाते हैं। वह यह बुनियादी बात समझने के लिए तैयार नहीं कि जब रक्षा और विदेश नीति के मामलों में राजनीतिक वर्ग एक सुर में नहीं बोलता तो इससे राष्ट्रीय हितों को चोट ही पहुंचती है, इससे राष्ट्र कमजोर होता है। चीन एवं पाकिस्तान जैसे दुश्मन राष्ट्र इसी से ऊर्जा पाकर अधिक हमलावर बनते हैं।

देश की जनता मोदी एवं राहुल के बीच के फर्क को महसूस कर रही है। जनता यह गहराई से देख रही है कि राहुल किस तरह गलवान में हमारे सैनिकों की वीरता-शौर्य-बलिदान पर सवाल उठाते रहे हैं, भारत की बढ़ती साख, सुरक्षा एवं विकास की तस्वीर को बट्टा लगा रहे हैं जबकि मोदी ने न केवल अपनी सरकार के दौरान भारत में आए बदलावों की सकारात्मक तस्वीरें देशी-विदेशी मंच पर पेश कीं, बल्कि दुनिया की समस्याओं को लेकर भी अपनी समाधानपरक सोच रखी। इसलिये उन्हें विश्व नेता के रूप में स्वीकार्यता मिल रही है। किन्हीं राहुल रूपी गलतबयानी की वजह से मोदी की छवि पर कोई असर नहीं पड़ा है, भारत ही नहीं, समूची दुनिया में मोदी के प्रति सम्मान एवं श्रद्धा का भाव निरन्तर प्रवर्द्धमान है। राहुल गांधी, उनके रणनीतिकारों और विदेशों में कांग्रेस के संचालकों का नरेंद्र मोदी, भाजपा और संघ परिवार के प्रति शाश्वत वैर-भाव एवं विरोध की राजनीति समझ में आती है लेकिन देश की छवि खराब करने, सरकार को कमजोर बता कर और मोदी जैसे कद्दावर नेता को खलनायक बनाने से उन्हें इज्जत नहीं मिलेगी। यह तो विरोध की हद है! नासमझी एवं राजनीतिक अपरिपक्वता का शिखर है!! उजालों पर कालिख पोतने के प्रयास हैं!!!

लगता है राहुल गांधी मोदी विरोध के नाम पर देश के विरोध पर उतर आए हैं। ये पहली बार नहीं है। राहुल गांधी इस तरह का आचरण इसीलिए करते हैं, क्योंकि उन्हें शासन संचालन, राजनीतिक परिपक्वता के तौर-तरीकों का कोई अनुभव नहीं। उनकी तरह सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी भी कोई जिम्मेदारी लिए बिना पर्दे के पीछे से सब कुछ करने में ही यकीन रखती हैं। कांग्रेस की मजबूरी यह है कि वह गांधी परिवार के बिना चल नहीं सकती। कांग्रेस नेताओं की भी यह विवशता है कि अपने नेता के बयानों को सही एवं जायज ठहराने में सारी हदें लांघ जाते हैं। लेकिन, प्रश्न यह है कि क्या दुश्मन राष्ट्र से जुड़ी स्थितियों पर बोलते हुए वह मात्र भारत के विपक्षी दल के नेता होते हैं? क्या उन्हें यह नहीं सोचना चाहिए कि वह भारत का भी प्रतिनिधित्व कर रहे हैं? यह समस्या मात्र राहुल गांधी की नहीं है। पूरा विपक्ष यह नहीं समझ पा रहा है कि सत्ताधारी दल के विरोध और देश के विरोध के बीच फर्क है। सत्ताधारी दल का विरोध करना स्वाभाविक है, लेकिन उस लकीर को नहीं पार करना चाहिए, जिससे वह देश का विरोध बन जाए। ऐसे बयानों से किस पर और कैसे प्रभाव पड़ता है। सरकार और राष्ट्र के विरोध के बीच अंतर समझना भी आवश्यक है।

उल्लेखनीय बात यह है कि निन्दक एवं आलोचक कांग्रेस को सब कुछ गलत ही गलत दिखाई दे रहा है। मोदी एवं भाजपा में कहीं आहट भी हो जाती है तो कांग्रेस में भूकम्प-सा आ जाता है। मजे की बात तो यह है कि इन कांग्रेसी नेताओं को मोदी सरकार की एक भी विशेषता दिखाई नहीं देती, कितने ही कीर्तिमान स्थापित हुए हो, कितने ही आयाम उद्घाटित हुए हो, कितना ही देश को दुश्मनों से बचाया हो, कितनी ही सीमाओं एवं भारत भूमि की रक्षा की हो, कितना ही आतंकवाद पर नियंत्रण बनाया हो, देश के तरक्की की नई इबारतें लिखी गयी हो, समूची दुनिया भारत की प्रशंसा कर रही हो, लेकिन इन कांग्रेसी नेताओं को सब काला ही काला दिखाई दे रहा है। कमियों को देखने के लिये सहस्राक्ष बनने वाले राहुल अच्छाई को देखने के लिये एकाक्ष भी नहीं बन सके? बने भी तो कैसे? शरीर कितना ही सुन्दर क्यों न हो, मक्खियों को तो घाव ही अच्छा लगेगा। इसी प्रकार राहुल एवं कांग्रेस को तो अच्छाइयों में भी बुराई का ही दर्शन होगा।

खरगे की नई टीम से कांग्रेस को आगामी चुनावों में कितना फायदा होगा ?

अशोक भाटिया

कांग्रेस अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के करीब 10 महीने बाद मल्लिकार्जुन खरगे ने अपनी टीम की घोषणा कर दी है। कांग्रेस की सर्वोच्च नीति निर्धारण करने वाली बॉडी कांग्रेस कार्य समिति में 39 सदस्यों को जगह दी गई है जिसमे कांग्रेस के दो पूर्व अध्यक्षों सोनिया गांधी और राहुल गांधी के अलावा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को शामिल किया गया है। कांग्रेस की महासचिव और उत्तर प्रदेश की प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा भी अब कांग्रेस कार्य समिति की रेगुलर मेंबर हो गई हैं. पहले उन्हें महासचिव की हैसियत से सीडब्ल्यूसी में जगह दी गई थी।

चुनावी रणनीति को लेकर तमाम तरह के फैसले लेने वाली कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) में हर तरह के समीकरणों को साधने की कोशिश की गई है। जहां पार्टी से नाराज चल रहे नेताओं को कमेटी में शामिल किया गया है, वहीं गांधी परिवार के करीबियों का भी खास खयाल रखा गया है। वर्किंग कमेटी में युवा नेताओं की हिस्सेदारी से लेकर जातीय समीकरण को भी साफ तौर पर देखा जा सकता है।

कांग्रेस की वर्किंग कमेटी में जो बदलाव हुए हैं, उनमें पार्टी के वरिष्ठ नेता, पार्टी के युवा नेता और जमीनी तौर पर काम करने वाले नेताओं को साधा गया है। पार्टी अपनी इस नई और तमाम कॉम्बिनेशन वाली टीम के साथ 2024 के चुनावी रण में उतरने की तैयारी कर रही है। इसे कांग्रेस की नई शुरूआत के तौर पर देखा जा रहा है जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का अहम रोल है।

कांग्रेस ने इसी साल छत्तीसगढ़ के रायपुर में अपना 85वां राष्ट्रीय अधिवेशन बुलाया था, जिसमें पार्टी की स्टीयरिंग कमेटी के तमाम नेता पहुंचे थे। 24 से 26 फरवरी तक होने वाले इस अधिवेशन में तमाम विषयों पर चर्चा हुई। अधिवेशन के बाद बताया गया कि पार्टी में हर जाति और वर्ग के नेताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी जिसकी तस्वीर अब कांग्रेस वर्किंग कमेटी में नजर आई है। इससे पहले पिछले साल उदयपुर में हुए चिंतन शिविर में भी यही बात कही गई थी।

कांग्रेस वर्किंग कमेटी में मल्लिकार्जुन खरगे के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले शशि थरूर को जगह देकर ये मैसेज दिया गया कि पार्टी में लोकतंत्र जिंदा है, साथ ही किसी भी बड़े नेता को नाराजगी दिखाने का मौका नहीं दिया गया। अब जातीय समीकरण की बात करें तो छः ओबीसी, नौ एससी और महेंद्रजीत मालवीय जैसे आदिवासी चेहरे को नई टीम में जगह दी गई है। पार्टी ने उदयपुर में हुए चिंतन शिविर में दिए गए सुझावों पर मुहर लगाई, जिसमें कहा गया था कि कमेटी में 50 फीसदी नेता 50 साल की उम्र से कम और एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक होंगे।

कांग्रेस की इस नई टीम में 39 परमानेंट मेंबर, 32 परमानेंट इनवाइटी और 13 स्पेशल इनवाइटी शामिल हैं। कुल 84 नेताओं को मिलाकर कांग्रेस ने अपनी ये नई टीम तैयार की है ।

देश और काल की कसौटी पर- नए आपराधिक कानून

वीरेंद्र सिंह परिहार

देश के गृहमंत्री अमित शाह ने 11 अगस्त को की संसद में आपराधिक कानून में आमूल चूल परिवर्तन की दृष्टि से नए प्रस्ताव प्रस्तुत किए. उपरोक्त संबंध में गृह मंत्री द्वारा जो 3 विधेयक प्रस्तुत किए गए, वे भारतीय दंड संहिता-1860,आपराधिक प्रक्रिया अधिनियम-1898, एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम -1872 की जगह लेंगे. उल्लेखनीय है कि ये सब अंग्रेजों के बने हुए कानून थे जो लंबे समय से देश की स्वतंत्रता के बाद भी प्रचलित थे लेकिन जिस तरह से एक क्रांतिकारी ढंग से इन कानूनों में बदलाव करने का कार्य किया जा रहा है, वह देश के विधिक इतिहास में बहुत बड़ा क्रांतिकारी परिवर्तन कहा जा सकता है. वस्तुतः देश के सभी उपयुक्त आपराधिक न्याय कानून में हर मैजेस्टी, और बाइ दा प्रिवी काउंसिल आफ इंग्लैंड, द क्राउन रिप्रेजेंटेटिव जैसे शब्द जो गुलामी की निशानियां थी, प्रचलन में थे लेकिन अब नए प्रस्तावित आपराधिक न्याय कानूनों के तहत भारतीय दंड संहिता का नाम भारतीय न्याय संहिता 2023 होगा. इसी तरह से दंड प्रक्रिया संहिता का नया नाम भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 होगा. इंडियन इविडेंसएक्ट का नाम भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 होगा.

भारतीय दंड संहिता में जो महत्वपूर्ण संशोधन किए गए हैं, उसमें पहचान छुपा कर शादी करने या संबंध बनाने को लेकर,जो पहले नहीं था,वह अब अपराध की श्रेणी में आएगा.ओवैसी जैसे लोग इसे भले मुस्लिम विरोधी बताएं लेकिन यह तो धोखाधड़ी और छल के खिलाफ कानून होगा जो प्रत्येक व्यक्ति पर लागू होगा. इसी तरह से रोजगार और पदोन्नति में भी धोखाधड़ी किए जाने पर दंड का प्रावधान लागू किया जाएगा. देशद्रोह कानून को बिल्कुल नए ढंग से परिभाषित कर दिया गया है.अब सरकार की आलोचना करने पर राजद्रोह का कानून नहीं लगेगा क्योंकि जैसा गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- देश में लोकतंत्र है और प्रत्येक व्यक्ति को सरकार के विरोध में बोलने का अधिकार है लेकिन देश की एकता और अखंडता के विरुद्ध काम करने पर राजद्रोह का कानून लागू होगा और होना भी चाहिए.वर्तमान कानूनों में जो महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है, उसमें भगोड़ों व्यक्तियों के खिलाफ भी ट्रायल की कार्रवाई हो सकेगी और उनकी अनुपस्थिति में उन्हें सिद्ध दोष घोषित किया जा सकेगा. निश्चित रूप से इससे भगोड़ो की प्रवृत्ति पर विराम लगेगा क्योंकि उन्हें ऐसा लगेगा यदि वह भागे तो वह अपने प्रकरण की पैरवी नहीं कर पाएंगे जिससे सिद्ध दोष होने की संभावनाएं बढ़ जाएगी.

इसी तरह भगोड़ो को दोषी करार देने से उनका दर्जा आरोपी के बजाय अपराधी का हो जाएगा।

पाकिस्तान में निशाने पर चर्च

अरविंद राजतिलक

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के फैसलाबाद के जरनवाला जिले में ईशनिंदा के आरोप में चर्चों में की गई तोड़फोड़ से पुनः ध्वनित हुआ है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय सुरक्षित नहीं है। उल्लेखनीय है कि एक ईसाई सफाईकर्मी पर ईशनिंदा का आरोप लगाकर कट्टरपंथी तत्वों ने साल्वेशन आर्मी चर्च, यूनाइटेड प्रेस्बिटेरियन चर्च, एलाइड फाउंडेशन और शहरुनवाला चर्च समेत दो दर्जन से अधिक चर्चों में तोड़फोड़ की है। जबकि चर्च ऑफ पाकिस्तान के अध्यक्ष विशप आजाद मार्शल का कहना है कि कट्टरपंथी तत्वों ने बाइबिल का अपमान किया और ईसाईयों पर पवित्र कुरान के अपमान का झूठा आरोप लगाकर चर्चो को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने पाकिस्तान सरकार से अपने लोगों की सुरक्षा और न्याय की मांग की है। हमले का आरोप चरमपंथी ग्रुप तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान पर लगा है। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब ईशनिंदा के आरोप में चर्चों को निशाना बनाया गया है। गत वर्ष पहले बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा बेथल मेमोरियल चर्च को नुकसान पहुंचाते हुए वहां प्रार्थना के लिए एकत्रित ईसाई समुदाय के 9 लोगों की नृशंस हत्या की गई। कट्टरपंथियों ने हमले को तब अंजाम दिया जब चर्च में रविवार की सामूहिक प्रार्थना के लिए ईसाई समुदाय के लोग इकठ्ठा थे। हमले की जिम्मेदारी इस्लामिक स्टेट के आर्तकियों ने ली थी। लेकिन इस कारस्तानी के पीछे वस्तुतः तालिबानी आर्तकियों का हाथ था। इसी तरह लाहौर के योहानाबाद इलाके में तालिबानी आर्तकियों ने दो चर्चों में आत्मघाती हमलाकर 15 लोगों की जान ली थी। 2013 में भी आर्तकियों ने पेशावर में ऑल सेंट चर्च को निशाना बनाया था जिसमें 80 से अधिक श्रद्धालु मारे गए थे। 100 से अधिक लोग बुरी तरह घायल हुए थे। उस समय भी हमले की जिम्मेदारी तहरीक-ए-तालिबान का धड़ा जनदुल्ला ने लिया था। गौरतलब है कि पाकिस्तान में ईसाई समुदाय के लोगों की संख्या 1.6 फीसदी है। वर्तमान समय में दिनोंदिन उनकी संख्या कम होती जा रही है। इसके दो प्रमुख कारण हैं। एक, आतंकियों की डर की वजह से पलायन और दूसरा जबरन धर्मांतरण। धर्मांतरण का विरोध करने पर उनके साथ बर्बरता का व्यवहार किया जाता है। याद होगा गत वर्ष पहले पाकिस्तान के गोजरा में 1000 कट्टरपंथियों ने इसाई घरों पर हमला बोल 6 लोगों को जिंदा जला दिया था। उनकी संपत्ति भी लूट ली थी। इस तरह के हमले अब पाकिस्तान में सामान्य बात हो गयी है। लेकिन गौर करें तो अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले के लिए सिर्फ कट्टरपंथी व आतंकी समूहों को ही जिम्मेदार नहीं हैं। इसके पीछे सरकार की अल्पसंख्यक विरोधी नीति विशेष रुप से ईश निंदा कानून भी जिम्मेदार है। आतंकियों के डर से सरकार ईश निंदा कानून को खत्म करने का निर्णय नहीं ले पा रही है और उसका खामियाजा अल्पसंख्यक समुदाय को भुगतना पड़ रहा है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के लिए नफरती मजहबी शिक्षा भी एक प्रमुख वजह है। गत वर्ष पहले अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर प्रकाशित अमेरिकी आयोग की एक रिपोर्ट से उद्घाटित हुआ था कि पाकिस्तानी स्कूलों की किताबें अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत और असहिष्णुता को बढ़ावा देती है। मजहबी शिक्षक धार्मिक अल्पसंख्यकों को इस्लाम के शत्रु की तरह पेश करते हैं। उन्हें काफिर बता मुस्लिम बच्चों के मन में जहर घोलते हैं। रिपोर्ट में यह भी उद्घाटित हुआ था कि पाकिस्तान में सामाजिक अध्ययन की पाठ्य पुस्तकें भारत और ब्रिटेन के संबंध में नकारात्मक टिप्पणी से अटी पड़ी हैं। रिपोर्ट में कहा गया था कि पाठ्य पुस्तकों का इस्लामीकरण की शुरूआत अमेरिका समर्थित तानाशाह जिया-उल-हक के सैन्यकाल में हुई। बाद की सरकारें पाठ्यक्रमों में सुधार की बात तो की लेकिन उसमें बदलाव नहीं की। इसका मूल कारण यह है कि वह मजहबी कट्टरपंथियों और आर्तकियों से डरती है। ध्यान देना होगा कि पाकिस्तानी स्कूलों के पाठ्यक्रमों में भी अल्पसंख्यकों के प्रति नफरत के शब्द उड़ेले गए हैं। ऐसे में अगर पाकिस्तान का आमजनमानस गैर-इस्लामिक देशों और वहां के निवासियों को घृणा की दृष्टि से देखता है और कट्टरपंथी हमले करते हैं तो यह स्वाभाविक है। गत वर्ष पहले अमेरिकी संगठन प्यू रिसर्च सेंटर द्वारा कराए गए एक सर्वेक्षण से उद्घाटित हुआ था कि पाकिस्तान में हर चार में से तीन नागरिक भारत समेत गैर-इस्लामिक देशों के बारे में नकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। इसका मुख्य कारण स्कूलों में परोसी जा रही जहरीली मजहबी शिक्षा है। एक अन्य सर्वेक्षण के मुताबिक 57 फीसद पाकिस्तानी नागरिक भारत और अमेरिका को अलकायदा और तालिबान से भी खतरनाक मानते हैं। यही वजह है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यक लोगों की आवाज बुलंद करने वाले भी अब आर्तकियों और कट्टरपंथियों के निशाने पर आ गए हैं। गत वर्ष पहले आर्तकियों ने पाकिस्तान के 42 वर्षीय मंत्री शहबाज भट्टी की हत्या सिर्फ इसलिए कर दी गयी थी कि उन्होंने अल्पसंख्यक हितों की आवाज बुलंद की थी। वे चाहते थे कि अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को भी उनका वाजिब हक मिले और सरकार ईश-निंदा कानून में बदलाव लाए।

लेकिन कट्टरपंथियों को उनकी पहल रास नहीं आयी और वे उनकी जान लेकर ही छोड़े। कट्टरपंथ के खिलाफ आवाज उठाने वाले पंजाब प्रांत के गवर्नर सलमान तासीर भी कट्टरपंथियों की क्रूरता से बच नहीं पाए। आर्तकियों ने उनकी गोली मारकर हत्या कर दी। इस हत्या की विश्वव्यापी आलोचना हुई और पाकिस्तान को अपना बचाव करते हुए कहना पड़ा कि वह दहशतगर्दों से कड़ाई से निपटेगा। लेकिन सच्चाई यह है कि वह इस दिशा में कुछ भी प्रयास नहीं कर रहा है। उल्टे वह दहशतगर्दों को संरक्षण दे रहा है। नतीजा यह है कि आज कट्टरपंथियों का हौसला बुलंद है और वे उदारवादी सोच रखने वाले लोगों को निशाना बना रहे हैं। अल्पसंख्यक समुदाय से ताल्लुकात रखने वाली आसिया बीबी को भी कट्टरपंथियों ने मार डाला था। भला ऐसे हालात में कोई अल्पसंख्यक समुदाय पाकिस्तान में कैसे सुरक्षित रह सकता है। यहां यह भी ध्यान रखना होगा कि पाकिस्तान में सिर्फ हिंदू या ईसाई ही असुरक्षित नहीं हैं। बल्कि शिया समुदाय भी असुरक्षित है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकी लगातार शिया मस्जिदों में हमलाकर लोगों की जान ले रहे हैं। याद होगा गत वर्ष पहले इन आर्तकियों ने सिंध प्रांत में शिया मस्जिद में हमलाकर पांच दर्जन से अधिक लोगों को मौत की नींद सुला दिया। सच तो यह है कि पाकिस्तान में शिया समुदाय भी उतना ही असुरक्षित और भयग्रस्त है जितना कि अन्य अल्पसंख्यक समुदाय।

विधवा भाभी से दुष्कर्म में देवर को हुई दस साल की सजा

जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने सुनाया फैसला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भाई की मृत्यु के बाद विधवा भाभी से दुष्कर्म आरोपी देवर को जिला जज विष्णु कुमार शर्मा ने दस वर्ष की सजा सुनाई है। 11 हजार रूपए के जुमार्ना से भी दंडित किया है।

सोमवार को जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुन्दर मिश्रा ने बताया कि दुष्कर्म मामले में पीडिता ने 18 अक्टूबर 2022 को भरतकूप थाने में रिपोर्ट लिखाई थी। पीडिता के अनुसार उसका विवाह आठ साल पहले हुआ था। शादी के बाद एक पुत्र हुआ था। मार्च 2021 में सड़क हादसे में पति की मृत्यु के छह माह बाद देवर घर में अकेले समझकर शराब के नशे में आया। जबरन दुष्कर्म किया। शिकायत पर सास-ससुर ने घर की बात का हवाला देकर बात को दबा दिया। उसने कहीं शिकायत नहीं की। दूसरे दिन उसने फिर उसके साथ दुष्कर्म किया।

उसने परिजनों समेत पडोसियों को जानकारी देने के साथ इलाका पुलिस दिवयापुर जाकर सूचना दी। कोई सुनवाई न होने पर घर आने पर देवर ने उसे घर से निकाल दिया। वह अपने चचिया ससुर के घर चली गई। फोन से पूरे मामले की जानकारी अपनी मां को दी। मां उसे मायके ले आई। यहां भी 16 जुलाई 2022 को देवर दोपहर समय ससुराल ले जाने के नाम पर आया। उसे अकेले पाकर जबरन दुष्कर्म किया। शिकायत पर जान से मारने की धमकी दी। भरतकूप थाने में सूचना देने पर भी कोई सुनवाई नहीं हुई। उसने न्यायालय में 156(3) के तहत आवेदन किया। न्यायालय ने मामला दर्जकर विवेचना के आदेश दिए। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर पीडिता का डॉक्टरी परीक्षण कराने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद सत्र न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा ने सोमवार को निर्णय सुनाया। दोष सिद्ध होने पर आरोपी को दस वर्ष की सजा के साथ 11 हजार रूपए जुमार्ना से दंडित किया।

सपा की छवि धूमिल कर रहे गया प्रसाद सविता: शिवशंकर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने बताया कि गयाप्रसाद सविता को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते पार्टी से निष्कासित किया जा चुका है। पार्टी की छवि धूमिल करने को सविता पार्टी के लेटर पैड का प्रयोग करते हैं।

सोमवार को सपा जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने जारी बयान में कहा कि गया प्रसाद सविता जगदीशगंज मोहल्ले से सपा छोडकर बसपा से सपा प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड चुके हैं। पालिका चुनाव दौरान पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इन्हें निकाला जा चुका है। पूर्व में भी अनुशासनहीनता और पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते पार्टी से निष्कासित किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि गया प्रसाद सविता आज भी पार्टी के लेटरपैड का प्रयोग कर पार्टी की छवि धूमिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सविता का पार्टी से कोई लेना-देना नहीं है।

मानिकपुर में ग्रामीण की जमीन पर अवैध कब्जा

अखंड भारत संदेश

मानिकपुर/चित्रकूट। कस्बे के शिवनगर मोहल्ले के अभिलाष कुमार पुत्र रामेश्वर प्रसाद ने झरी गांव स्थित अपनी जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप लगाया है।

सोमवार को मानिकपुर थाने के सरहट के झरी गांव स्थित जमीन का मामला है। अभिलाष कुमार पुत्र रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि रानीपुर गांव के कुंजबिहारी पुत्र राम लखन हालमुकाम शिवनगर मानिकपुर ने उसे बिना सूचना दिए लेखपाल से मिलीभगत कर उसकी जमीन में कब्जा कर लिया है। पीड़ित ने तहसील दिवस में शिकायत भी की है। अधिकारियों ने इस मामले में अभी तक कोई कार्यवाही नही की। पीड़ित ने कहा कि उसकी जमीन से अवैध कब्जा हटाया जाये।

एक को दबोच 30 पाउच शराब बरामद

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा बालकिशुन की टीम ने अनिल केसरवानी पुत्र रमेश चंद्र केसरवानी निवासी सुरौधा को 30 पाउच देशी शराब समेत गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा बालकिशुन, सिपाही मो अदनान, मनीष यादव शामिल रहे।

मऊ टीम ने जीता मैच

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। खेल दिवस पर जिलाधिकारी के निर्देश पर 21 से 29 अगस्त तक खेल प्रतियोगिताओं का स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजन हो रहा है।

सोमवार 21 अगस्त को बालकों की क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारम्भ अंतर्राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी एवं लक्ष्मण पुरस्कार विजेता रविकांत मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया। क्रिकेट का पहला मैच स्टेडियम बनाम मऊ तहसील के बीच हुआ। टॉस मऊ की टीम ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए मऊ टीम ने 112 रन बनाए। स्पोर्ट्स स्टेडियम टीम मात्र 111 रन बनाकर आउट हो गई। मैच संपन्न कराने में फिरोज अहमद अंसारी, श्याम सुंदर, श्रीकेशन, अख्तर हुसैन ने भूमिका निभाई। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विजय कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रतियोगिता के बारे में जानकारी दी। कल सवेरे साढ़े आठ बजे से सीतापुर व स्टेडियम की बी टीम के बीच मैच खेला जाएगा। मुख्य निर्णय फिरोज अंसारी व श्याम सुंदर के साथ श्रीकेशन ने स्कोरर की भूमिका निभाई।

यूपीडब्लूजेयू लखीमपुर जिले के सदस्यों को परिचय पत्र जारी, टीबी सिंह ने उठाया पेंशन, चिकित्सा का मुद्दा

लखीमपुर। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन (यूपीडब्लूजेयू) अध्यक्ष टीबी सिंह ने जिले में कार्यरत पत्रकारों को राजधानी की तर्ज पर चिकित्सा कार्ड जारी किए जाने की और गैर मान्यता प्राप्त जिले के पत्रकारों को भी पेंशन से आच्छादित किए जाने की मांग की है।

संगठन सदस्यों को परिचय पत्र वितरण करने लखीमपुर खीरी पहुंचे टीबी सिंह ने कहा कि जिलों में कार्यरत साप्ताहिक, पाक्षिक एवं मासिक समाचार पत्रों को जिला सूचना कार्यालय द्वारा परिचय पत्र जारी करने का काम बंद हो गया है जिसे फिर से शुरू करने का अनुरोध प्रदेश सरकार से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सुविधा की आवश्यकता जिलों में कार्यरत गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को सबसे अधिक है और उन्हें भी इसका लाभ दिया जाना चाहिए।

लखीमपुर नगर पालिका सभागार में आयोजित परिचय पत्र वितरण कार्यक्रम में बोलते हुए इंडियन फेडरेशन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट (आईएफडब्लूजे) राष्ट्रीय सचिव सिद्धार्थ कलहंस ने कहा कि यूपी सरकार की ओर से प्रस्तावित पत्रकार पेंशन योजना में जिलों के गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों को शामिल किया जाना चाहिए।

यूपीडब्लूजेयू प्रदेश संगठन सचिव अजय त्रिवेदी ने कहा कि जिस तरह से मीडिया का विस्तार हुआ है उसी अनुपात में जिलों में मान्यता प्राप्त पत्रकारों की संख्या भी बढ़ाई जानी चाहिए।

परिचय पत्र वितरण समारोह में बोलते हुए लखीमपुर खीरी यूपीडब्लूजेयू अध्यक्ष कुलदीप पाहवा ने कहा कि पत्रकारों को सामाजिक सुरक्षा की आवश्यकता है जिसके लिए पेंशन और चिकित्सा कार्ड जारी किए जाने की जरूरत है।

तीन अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों से 13 लाख का गांजा बरामद

रैपुरा थाना पुलिस ने तीन को दबोचा, एक फरार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर मादक पदार्थों की तस्करी एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में थाना रैपुरा पुलिस ने तीन अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों के कब्जे से पचास किलो गांजा व दो तमंचे-कारतूस तथा तीन मोबाइल फोन और स्कार्पियो समेत दबोचा है। ज्ञात है कि 20 अगस्त की रात में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि गुंता बांध पक्की

सड़क से सफेद रंग की स्कार्पियो सीजी/04एनडी- 8490 से 25 किलो गांजा व तमंचा, दो कारतूस, एक तमंचा, दो कारतूस, तीन मोबाइल फोन समेत परमेश्वर साहु पुत्र पंचाराम साहू उर्फ बबलू, ताम्रध्वज पटेल पुत्र झडीराम पटेल व सुशील पटेल पुत्र राजाराम पटेल निवासी पिसीद थाना कसडोल जिला बलौदा बाजार छत्तीसगढ़ को दबोचा। पूंछताछ में बताया कि बांधी थाना रैपुरा के लल्ला सिंह उर्फ श्रवण कुमार सिंह पुत्र हरीशचन्द्र के घर से भी 25 किलो गांजा बरामद किया। लल्ला सिंह मौके से भागने में सफल रहा।

पूंछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे छत्तीसगढ़ से पचास किलो गांजा लेकर यहां बेचने आये थे। लल्ला सिंह उर्फ श्रवण कुमार निवासी बांधी ने मंगाया था। 25 किलो गांजा लल्ला सिंह उर्फ श्रवण कुमार ने उनसे लेकर घर में रख लिया था। 25 किलो गांजा लेकर वे गुन्ता बांध में लल्ला सिंह के लाये ग्राहकों का इंतजार कर रहे थे। पुलिस ने दबोच लिया। बरामद स्कार्पियो की नम्बर प्लेट व चेचिस नम्बर की जांच की गई, वह छत्तीसगढ का सही नम्बर सीजी/04एनएम- 5124 मिला। आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट व शस्त्र अधिनियम तथा धाखाधडी के तहत मामला दर्ज किया। बरामद गांजे की अनुमानित अन्तर्राष्ट्रीय कीमत 13 लाख रुपये आंकी गई है। टीम में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्र चन्द्र पाण्डेय, दरोगा रमेश सिंह यादव, दरोगा सिद्दनाथ राय, सिपाही अजीत यादव, नन्दलाल, राज मंगल, निर्दोष भारती, महिला सिपाही आरती वर्मा, सिपाही राममूरत मिश्रा शामिल रहे।

डग्गामार बस से बच्चों का होता है स्कूल का सफर

ऐसी बसों के खिलाफ चलेगा अभियान: एआरटीओ

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिले में विभिन्न ब्लाकों व तहसील क्षेत्र में चल रहे प्राइवेट स्कूलों में लगी बसों में फिटनेस आदि कुछ भी न होने के बाद भी स्कूलों के बच्चों को मानक से ज्यादा बैठाकर स्कूल भेजने व घर पहुंचाने के कार्य में लगी हैं। एआरटीओ विवेक शुक्ला ने बताया कि ऐसे वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

सोमवार को ऐसे ही रैपुरा थाने के बोडीपोखरी स्थित केएन पब्लिक स्कूल की डग्गामार बस बच्चों को स्कूल भेजने व घर

पहुंचाने के कार्य में लगी है। ये बस सवारियां भी ढोती है। ये डग्गामार बस बोडीपोखरी प्राइवेट स्कूल केएन पब्लिक स्कूल के बच्चों को कोबरा, त्रिफुला, बिसौंधा, रामपुर व बांधी से लेकर बोडीपोखरी आती-जाती है। इस बस में फिटनेस आदि कुछ भी नहीं है। ये डग्गामार बस सवारियां भी ढोती हैं।

इस बस में स्कूल के बच्चों को ले जाने की कोई व्यवस्था नहीं है। मानक से ज्यादा बच्चों को बस में बैठाकर प्रतिदिन स्कूल भेजने व घर पहुंचाने के कार्य में लगी है। इस बाबत एआरटीओ विवेक शुक्ला ने कहा कि ऐसी स्कूल बसों की बडे पैमाने पर जांचकर कार्यवाही को अभियान चलाया जायेगा। ये अभियान जल्दी शुरू किया जायेगा।

विद्यालय निरीक्षण को न जाने वाले नामित अधिकारियों-कर्मचारियों का काटें वेतन: डीएम

सचिव-प्रधान से चिन्हित करायें टूटी बाउंड्रीवाल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति तथा निपुण भारत की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक में 19 पैरामीटर पर कायाकल्प के कार्यों के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये।

सोमवार को कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने बीएसए को दिये निर्देश में कहा कि जिन स्कूलों की बाउंड्रीवॉल टूट गई है, उसे बनवायें। विवादित बाउंड्रीवाल की सूची बनायें। जहां विवादित है, संबंधित एसडीएम से तालमेल कर निस्तारण करायें। जिला विकास अधिकारी व डीसी मनरेगा को निर्देश दिये कि रामनगर के सचिवों व प्रधान को बुलाकर बाउंड्रीवाल चिन्हित कर कार्य करायें। प्रधान व सचिव कार्य में

रुचि न लें तो नोटिस जारी करें।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लवप्रकाश यादव से कहा कि जिला स्तर से फर्नीचर को सांसद निधि व अन्य निधि से आ रहे पैसे की समीक्षा करायें। विद्यालयों के निरीक्षण को नामित अधिकारियों-कर्मचारियों से कहा कि निरीक्षण न करने वाले का वेतन काटा जाएगा। शिक्षा विभाग के नामित शिक्षक के निरीक्षण न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करें।

उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि एमडीएम के तहत फीडिंग भी करायें। जब सरकार स्कूलों को स्मार्ट बनाने की सुविधा दे रही है तो प्रधानाध्यापक व अभिभावक से मिलकर बैठक कर बच्चों की तादाद बढ़ायें। टीचर हाजिरी बाबत बीएसए को निर्देश दिये कि शिक्षामित्र शिक्षण कार्य नहीं करते, उन्हें हटायें। संदर्शिका माध्यम से शिक्षकों से कहें कि शिक्षण योजना करायें।

जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि शिक्षा के स्तर में गुणवत्ता बढ़ायें। छात्रों के आधार फीडिंग बाबत अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देश दिये कि जो बैंक सरकारी कार्यों को अवरूद्ध कर रहे हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक में एसडीएम रामजन्म यादव, मऊ एसडीएम राकेश पाठक, डीडीओ राजकुमार त्रिपाठी, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक एसके मिश्रा, एलडीएम तुलसीराम, बीएसए लव प्रकाश यादव समेत खंड शिक्षा अधिकारी मौजूद रहे।

शस्त्र अधिनियम के आरोपी को हुई एक साल की सजा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी आपरेशन कनविक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित मामलों की पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निदेर्शों के अनुपालन में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह व पैरोकार माहेश्वरीदीन की पैरवी से सिविल जज जूनियर डिवीजन सुश्री सोनम गुप्ता ने शस्त्र अधिनियम के आरोपी रामप्रसाद उर्फ कल्लू उर्फ चिडी का गोटर पुत्र बडकू निवासी मैनहाई कोतवाली कर्वी को एक वर्ष की सजा व पांच सौ रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

सोमवार को अभियोजन अधिकारी पीयूष कुमार की प्रभावी बहस के नतीजतन न्यायालय सिविल जज जूनियर डिवीजन सुश्री सोनम गुप्ता ने बहिलपुरवा थाने में दर्ज शस्त्र अधिनियम के आरोपी रामप्रसाद उर्फ कल्लू उर्फ चिडी का गोटर पुत्र बड़कू निवासी मैनहाई कोतवाली कर्वी को एक वर्ष की सजा व पांच सौ रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है।

ज्ञात है कि 28 सितम्बर 2020 को पूर्व बहिलपुरवा थानाध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने रामप्रसाद उर्फ कल्लू उर्फ चिड़ी का गोटर को तमंचा व कारतूस समेत गिरफ्तार किया था। आरोपी के खिलाफ बहिलपुरवा थाने में मामला दर्ज किया था। तत्कालीन दरोगा दुर्गेश कुमार गुप्ता ने विवेचना कर आरोप पत्र न्यायालय में 20 नवम्बर 2020 को दाखिल किया था।

सरधुआ पुलिस ने तीन जुआरियों को रंगेहाथ दबोचा

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुआ दीपेंद्र कुमार सिंह की अगुवाई में दरोगा राजेश कुमार राय की टीम ने तीन जुआरियों को जुआ खेलते रंगेहाथ दबोचा है।

सोमवार को सरधुआ पुलिस ने सुरेश निषाद पुत्र महादेव, अनिल निषाद पुत्र बैजनाथ व रामदुलारे पुत्र गणेश निवासी खोपा को ताश के पत्तों से हार-जीत की बाजी लगाते जुआ खेलते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। मालफड़ से 1050 रुपये व ताश के 52 पत्ते तथा जामातलाशी में 390 रुपये बरामद किये। आरोपियों का जुआ अधिनियम में चालान किया। टीम में दरोगा राजेश कुमार राय, सिपाही नरेंद्र कुशवाहा व ललित सोनी शामिल रहे।

दहेज हत्या में मृतका के पति को हुई आठ साल की सजा, 16 हजार रुपये जुमार्ना, त्वरित न्यायालय ने सुनाया फैसला

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। दहेज हत्या मामले में त्वरित न्यायालय ने मृतका के पति को आठ वर्ष की सजा सुनाई है। 16 हजार रुपए के जुमार्ना से भी दंडित किया है।

सोमवार को सहायक शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास ने बताया कि रामदास ने 22 जुलाई 2017 को बहिलपुरवा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा था कि अपनी बहन गीता देवी की शादी रुकमाखुर्द के रज्जू पुत्र धुनुवा के साथ की थी। शादी के बाद से ही ससुरालीजन गीता का उत्पीड़न दहेज के लिए करते थे। दो बच्चे होने के बाद भी उत्पीड़न जारी रहा। 26 जून 2017 को ससुरालीजनों ने गीता को बेरहमी से पीटने के बाद शाम पांच बजे मिट्टी तेल डालकर आग लगाकर जला दिया। गंभीर दशा में प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल से गीता को रेफर कर दिया गया, उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मामला दर्जकर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर जिला जज संजय कुमार ने पति रज्जू को दोषसिद्ध करार देते हुए आठ वर्ष की सजा व 16 हजार रुपये जुमार्ना से दंडित किया।

सोमनाथ मंदिर की सड़क-रपटे की करायें मरम्मत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मानिकपुर क्षेत्र में स्थित चर गांव के सोमनाथ मंदिर की सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। चर गांव के आगे नदी में बना रपटा भी क्षतिग्रस्त हो गया है। हजारों की तादाद में श्रद्धालु इस मार्ग से आवागमन करते हैं। इसके बाद भी सड़क को लेकर कोई अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे।

सोमवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि ऐचवारा-भौरी सम्पर्क मार्ग से सोमनाथ मंदिर का रास्ता है। लगभग तीन किमी लम्बा ये मार्ग जगह -जगह गड्ढों में तब्दील है। धार्मिक दृष्टि से सोमनाथ मंदिर का विशेष महत्व है। यहां वर्ष भर श्रद्धालुओं का आवागमन रहता है। इस मार्ग को गड्ढामुक्त करने की श्रद्धालुओं ने मांग की है। चर गांव के आगे नदी में बना रपटा भी क्षतिग्रस्त है। सड़क और रपटे की जल्द मरम्मत कराने की मांग बुंदेली सेना ने जिलाधिकारी से की है।

पुलिस ने दबोचे दो वारंटी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने दो वारंटी दबोचे हैं।

सोमवार को थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा इमरान खान की टीम ने खनिज अधिनियम के वारंटी नत्थू यादव पुत्र बरूआ उर्फ मुनुवा निवासी कबरा पुरवा मजरा गोंडा को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा इमरान खान, सिपाही अजीजुद्दीन शामिल रहे।

थानाध्यक्ष बहिलपुरवा रामसिंह की अगुवाई में दरोगा विजय बहादुर यादव की टीम ने गैंगेस्टर एक्ट के वारंटी गणेश प्रसाद उर्फ चिम्मन पुत्र भैयालाल निवासी बरूई मजरा रूकमा बुजुर्ग को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा विजय बहादुर यादव, सिपाही शिवा शंकर राय शामिल रहे।

मऊ के युवक को अज्ञात ने गोली मार किया घायल, प्रयागराज रेफर

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। मऊ कस्बे के ऋतिक केशरवानी को अज्ञात लोगों ने गोली मारकर घायल कर दिया। आनन-फानन में उसे इलाज को मऊ अस्पताल भेजा गया। गंभीर दशा के चलते डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज बाद प्रयागराज रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की पड़ताल में जुटी है।

युवक को गोली मारकर घायल करने की ये घटना रविवार की शाम सात बजे हुई। बताया गया कि मऊ थाना क्षेत्र के अहिरी नदी के पास फोन करके अज्ञात लोगों ने ऋतिक केशरवानी को बुलाया। उसके पेट में गोली मारकर घायल कर दिया। सूचना मिलते ही मऊ पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को मऊ सीएचसी लाये। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रयागराज रेफर कर दिया।

मऊ थाना प्रभारी राजेश कुमार द्विवेदी ने बताया कि हमलावरों की तलाश जारी है। घायल के परिजनों की तहरीर पर कार्रवाई की जा रही है।

समाज के सहयोग से ही सफल होगा निराश्रित गो-वंश संरक्षण का प्रयास

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने रविवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों के प्रबंधन और प्रदेश में दुग्ध उत्पादन/संग्रह की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राज्य सरकार पशु संवर्धन व संरक्षण के लिए सेवाभाव के साथ सतत प्रयासरत है। गोवंश सहित सभी पशुपालकों के प्रोत्साहन के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। पात्र लोगों को इसका लाभ मिलना सुनिश्चित कराया जाए।

डोनाल्ड ट्रंप रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की बहस में शामिल नहीं होंगे

वाशिंगटन। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को मिल्वौकी (विस्कॉन्सिन) में होने वाली पहली रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की बहस में हिस्सा नहीं लेंगे। उन्होंने दावा किया है उन्हें लोगों को यह दिखाने की जरूरत नहीं है कि वह कितने सफल राष्ट्रपति थे, क्योंकि अमेरिकी उन्हें पहले से ही जानते हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर यह घोषणा की है। उन्होंने सर्वेक्षणों की नई लहर का उल्लेख किया है। इसमें उन्हें अन्य रिपब्लिकन से बहुत आगे दिखाया गया है। एक सर्वेक्षण में 62 प्रतिशत लोगों ने उन्हें पंसद किया है। ट्रम्प ने लिखा है-जनता जानती है कि मैं कौन हूं। मेरा राष्ट्रपति पद कितना सफल रहा।



ब्राजील में बस दुर्घटना में सात फुटबॉल प्रशंसकों की मौत, दर्जनों गंभीर घायलों को अस्पताल पहुंचाया

ब्राजील। ब्राजील में एक पहाड़ी सड़क पर फुटबॉल प्रशंसकों को ले जा रही बस के चालक का नियंत्रण खो गया और भयानक सड़क दुर्घटना हो गई। इस घटना में सात लोगों की मौत हो गई और 27 अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अग्निशमन अधिकारियों ने कहा कि इसी जानकारी दी और कहा कि यह दुर्घटना मिनस गैरैस राज्य में बेलो होरिजोंटे के पास एक राजमार्ग पर हुई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यात्रियों ने कहा कि नियंत्रण खोने से कुछ समय पहले ड्राइवर ने चिल्लाकर कहा कि बस ब्रेक काम नहीं कर रहे हैं। साओ पाउलो के कोरिंथियंस फुटबॉल क्लब के 40 से अधिक प्रशंसक बस में सवार थे, जो एक रात पहले बेलो होरिजोंटे में एक मैच से लौट रहे थे। अग्निशमन अधिकारी फर्नांडो फ्रोइस ने हताहतों की संख्या की सूचना दी, लेकिन यह नहीं बताया कि अस्पताल में भर्ती लोग किस स्थिति में थे।

देश की राष्ट्रीय भूमि परिवहन एजेंसी (एएनटीटी) ने एक बयान में कहा कि बस अपंजीकृत थी और राज्यों के बीच यात्रियों को ले जाने के लिए उसके पास प्राधिकरण नहीं था। पूरे ब्राजील के क्लबों के साथ-साथ ब्राज़ीलियाई फुटबॉल परिसंघ ने पीड़ितों के परिवारों और दोस्तों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

दक्षिण अफ्रीका ने ब्रिक्स की सदस्यता के विस्तार का किया समर्थन, राष्ट्रपति रामाफोसा ने की पुष्टि

जोहानसबर्ग। राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा ने राष्ट्र के नाम एक राष्ट्रीय संबोधन दिया, जिसमें उन्होंने पुष्टि की कि दक्षिण अफ्रीका ने ब्रिक्स की सदस्यता के विस्तार का समर्थन करता है। आगे कहा कि ब्रिक्स का मूल्य उसके वर्तमान सदस्यों के हितों से परे है। अपने प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए, ब्रिक्स को अन्य देशों के साथ साझेदारी बनाने की जरूरत है जो उसकी आकांक्षाओं और दृष्टिकोणों को साझा करते हैं। ब्रिक्स का सदस्य बनने के लिए 22 देशों के आवेदन का यह मुद्दा पांच ब्रिक्स देशों के नेताओं के एजेंडे में है, जो ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के 15वें संस्करण के लिए इस हफ्ते बुधवार को जोहान्सबर्ग में मिलेंगे। ब्रिक्स ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का एक समूह है।

विस्तारित ब्रिक्स विभिन्न राजनीतिक प्रणालियों वाले देशों के एक विविध समूह का प्रतिनिधित्व करेगा जो अधिक संतुलित वैश्विक व्यवस्था की समान इच्छा साझा करते हैं। रामाफोसा ने कहा कि वह शिखर सम्मेलन में अफ्रीका, कैरिबियन, दक्षिण अमेरिका, मध्य पूर्व, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया के कई अन्य नेताओं की भागीदारी का स्वागत करते हैं।राष्ट्रपति रामाफोसा ने कहा कि यह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यह तब आयोजित किया जा रहा है जब दुनिया मूलभूत चुनौतियों का सामना कर रही है जो आने वाले वर्षों में अंतरराष्ट्रीय घटनाओं की दिशा निर्धारित करने के लिए बाध्य हैं।

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया राज्य में बेकाबू आग, आपातकाल लागू

विक्टोरिया। कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया राज्य के जंगलों में भड़की आग बेकाबू हो गयी है। सरकार ने प्रभावित इलाकों में सेना तैनात कर आपातकाल लागू कर दिया है। अब तक ब्रिटिश कोलंबिया राज्य से 35 हजार से ज्यादा लोगों को निकाला जा चुका है। कनाडा के वेंकुवर के पूर्व में 300 किलोमीटर दूर स्थित शहर केलोवना में सबसे पहले आग भड़की थी। इसके बाद अमेरिका के सीमावर्ती इलाकों और अमेरिका के प्रशांत उत्तर पश्चिम इलाकों में भी आग भड़क गई। फिलहाल पूरे ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में 380 जगहों पर आग फैली हुई है। इनमें से 150 जगहों पर आग नियंत्रण से बाहर है। आग से बिगड़े हालात से निपटने के लिए ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत की सरकार ने राज्य में आपातकाल लागू कर दिया है। ब्रिटिश कोलंबिया के येलोनाइफ शहर के नजदीक लगी आग बेकाबू है और सरकार ने एहतियातन पूरे शहर को खाली करा लिया है। शहर के 20 हजार लोग शहर छोड़कर जा चुके हैं और पूरा शहर भूतिया बना हुआ है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने सेना की तैनाती के आदेश दिए हैं। साथ ही सरकार ने लोगों से अपील की है कि वह आग से प्रभावित इलाकों को खाली कर दें ताकि बचाव कार्यों में आसानी हो सके। लोगों को आग से प्रभावित इलाकों की यात्रा करने और आग की तस्वीरें लेने के लिए ड्रोन उड़ाने से भी मना किया है, क्योंकि इससे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों का काम प्रभावित होता है। करीब 1,40,000 वर्ग किलोमीटर का इलाका अभी तक आग से तबाह हो चुका है। कनाडा सरकार के साथ ही 13 अन्य देश भी इस आग को काबू करने में मदद कर रहे हैं। अभी तक चार अग्निशमन कर्मचारियों की ड्यूटी के दौरान मौत हो चुकी है।

कैलिफोर्निया तक पहुंचा तूफान हिलेरी, भूकंप व तेज हवाओं संग भारी बारिश से तबाही

वाशिंगटन। चक्रवाती तूफान हिलेरी कैलिफोर्निया तक पहुंच गया है। मैक्सिको तट पर जानलेवा साबित हुआ तूफान कैलिफोर्निया में भूकंप व तेज हवाओं संग भारी बारिश लाया है। इस कारण तबाही मच गयी है।

चक्रवाती तूफान हिलेरी के मैक्सिको के तट तक पहुंचने के बाद इसने कैलिफोर्निया प्रायद्वीप में दस्तक दी है। श्रेणी-प्रथम का तूफान बताए जा रहे हिलेरी के प्रकोप से भारी नुकसान की आशंका है। मैक्सिको में इस तूफान ने एक व्यक्ति की जान ले ली है। तूफान जब मैक्सिको के तट से टकराया तो वह चक्रवाती था लेकिन कैलिफोर्निया तक पहुंचते-पहुंचते उष्ण कटिबंधीय तूफान में बदल गया है।

कैलिफोर्निया पहुंचते ही तूफान का असर तबाही में बदलने लगा है। यहां पहाड़ टूटने की जानकारी सामने आई है और भारी बारिश के चलते बाढ़ आ गई है। कैलिफोर्निया के दक्षिण पूर्व में स्थित ओजाई इलाके में भूकंप के झटके भी महसूस किए गए हैं। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.1 रही। भूकंप में किसी बड़े नुकसान की जानकारी सामने नहीं आई है।

वहीं, चक्रवाती तूफान और भारी बारिश के चलते ओंटारियो इंटरनेशनल एयरपोर्ट समेत कई जगहों पर हवाई उड़ानों को रद्द कर दिया गया है।

लॉस एंजेल्स और अन्य इलाकों में भारी बारिश के चलते बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। दक्षिणी कैलिफोर्निया में 78 मील प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। सांता रोसालिया में तूफान से भारी तबाही हुई है। वहीं सैन क्विनटिन में फोन और वाई-फाई कनेक्शन प्रभावित हुए हैं।

नेपाल से दो बच्चों को चुराकर भारत बेचने ले जा रहा बिहार का युवक सीमा पर दबोचा गया

काठमांडू। नेपाल से दो बच्चों को चुराकर भारत बेचने ले जा रहे एक युवक को सीमावर्ती नाका दक्षिण झिटकैया से आगे बॉर्डर आउट पोस्ट पर सशस्त्र प्रहरी के जवानों ने दबोच लिया। सशस्त्र प्रहरी बल के डीएसपी शैलेन्द्र थापा ने कहा है कि गिरफ्तार आरोपित तबरेज आलम (22) भारत का नागरिक है। वह बिहार के पूर्वी चम्पारण जिले के आदापुर का रहने वाला है। उन्होंने बताया कि यह घटना बिहार से सटे नेपाल के सीमावर्ती बारा जिले की है। तरबेज जिले के देवताल गांव पालिका के शिवपूजन महतो की नौ महीने की बेटी लक्ष्मी और प्रेमचन्द महतो ते दो वर्षीय बेटे सत्यम को बोरा में बंदकर ले जा रहा था। बॉर्डर आउट पोस्ट पर बोरा की ऊपरी जांच में बच्ची के रोने की आवाज आने पर उससे पूछताछ की गई। कड़ाई से पूछताछ में उसने गुनाह कुबूल कर लिया।

पीएमएल-एन प्रमुख नवाज शरीफ से मिलने लंदन पहुंचे शहबाज

लंदन। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ लंदन पहुंच गए। वह अपने बड़े भाई पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के सुप्रीमो नवाज शरीफ से मुलाकात करेंगे। इस मुलाकात में दोनों के बीच नवाज की घरवापसी पर विचार-विमर्श होने की उम्मीद है। पाकिस्तान के संचार माध्यमों में आम चुनाव की तैयारियों की गहमागहमी के बीच शहबाज की लंदन यात्रा को तरजीह दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस महीने सरकार में अपना 16 महीने का कार्यकाल समाप्त होने के बाद शहबाज शरीफ की पहली ब्रिटेन यात्रा है।

पूर्व प्रधानमंत्री के साथ उनके बेटे सलमान शहबाज भी लंदन गए हैं। शहबाज के कई पूर्व सहयोगी पहले ही लंदन पहुंच चुके हैं। इनमें कई प्रमुख वकील भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि 9 अगस्त को शहबाज शरीफ ने कहा था कि उनके बड़े भाई नवाज शरीफ सितंबर में पाकिस्तान लौटेंगे। वह इस संबंध में अपने बड़े भाई के साथ विस्तृत परामर्श करने के लिए लंदन जाएंगे। भ्रष्टाचार के मामलों में जवाबदेही अदालत से दोषी ठहराए जाने के बाद नवाज शरीफ स्वास्थ्य कारणों से नवंबर 2019 से लंदन चले गए थे। तब से वह वहीं रह रहे हैं। 2016 में सुप्रीम कोर्ट ने संपत्ति छुपाने के मामले में नवाज को आजीवन चुनाव लड़ने के अयोग्य ठहरा दिया था। इसके बाद नवाज ने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था।

पाकिस्तान की आतंकवाद विरोधी अदालत ने अली वजीर और मानवाधिकार वकील इमान मजारी को तीन दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंपा

इस्लामाबाद। आतंकवाद विरोधी अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत मुहम्मद जुल्करनैन ने आज (सोमवार) पश्तून तहफुज आंदोलन के नेता अली वजीर और मानवाधिकार वकील इमान हाजिर मजारी को तीन दिन के रिमांड पर पुलिस को सौंप दिया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभियोजन पक्ष ने देशद्रोह, धमकी और लोगों को उकसाने से संबंधित मामले में 10 दिन के रिमांड की मांग की थी। मगर अदालत ने सिर्फ तीन दिन का पुलिस रिमांड मंजूर किया।

उल्लेखनीय है कि दोनों को कल गिरफ्तार किया गया था। इमान हाजिर मजारी की मां पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) की पूर्व नेत्री शिरीन मजारी ने आरोप लगाया था कि पुलिस उनकी बेटी को उठाकर ले गई है। इसके कुछ घंटे बाद पुलिस ने कहा था कि मानवाधिकार वकील इमान को 'राज्य मामलों में हस्तक्षेप' के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग ने इमान की गिरफ्तारी की निंदा की है और उनकी तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग की है। संगठन ने इस्लामाबाद पुलिस के इस कृत्य को अस्वीकार्य बताया है। संगठन ने सोशल मीडिया में कहा है कि जिस तरह से पुलिस कथित तौर पर बिना किसी वारंट के उनके घर में घुसी, वह अस्वीकार्य है। यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का प्रयोग करने वाले लोगों के खिलाफ राज्य स्वीकृत हिंसा की बढ़ती प्रवृत्ति की तरफ इशारा करता है।

उच्च गुणवत्ता का निकला चीनी तस्करों से बरामद 60 किलो सोना, नेपाल राष्ट्र बैंक ने दिया खरीदने का प्रस्ता

बीजिंग। चीनी तस्करों द्वारा हांगकांग से आयातित 'ब्रेक-सु' से बरामद सोने की गुणवत्ता सबसे अच्छी आंकी गई है। नेपाल राष्ट्र बैंक टक्सार शाखा द्वारा गुणवत्ता का परीक्षण करने पर यह पुष्टि हुई कि सोना 999 फीसदी शुद्ध था। आमतौर पर बाजार में सोने की गुणवत्ता को 22 कैरेट और 24 कैरेट के रूप में वर्गीकृत किया जाता है। हालांकि, राष्ट्र बैंक संख्याओं के आधार पर सोने की गुणवत्ता को देखता है, जिसके मुताबिक '999' का मतलब उच्चतम गुणवत्ता (शुद्ध) सोना है। राष्ट्र बैंक के एक उच्च पदाधिकारी ने नामोल्लेख न करने की शर्त पर बताया कि नेपाल में इतनी शुद्ध गुणवत्ता वाला सोना बहुत कम है। नेपाल राष्ट्र बैंक को सोने के सिक्कों (असरफी) के लिए उच्चतम गुणवत्ता वाले सोने की आवश्यकता होती है। राष्ट्र बैंक के सूत्रों ने कहा, कानून के अनुसार अगर उन्हें सरकार की अनुमति मिलती है तो वे खुद सोना खरीदने के लिए तैयार हैं। तस्कर के पास से बरामद सोना पिछले सप्ताह टक्सार विभाग मे पिघलाया गया था। 'ब्रेक-सु' से निकाले जाने पर जहां सोने की मात्रा 60 किलो 789 ग्राम थी, वहीं पिघलाने के बाद यह घटकर 60 किलो 716 ग्राम रह गई।

'सत्ता में आए तो लगाएंगे टैक्स': ट्रंप की भारत को धमकी, यूएस में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारी पेश करते ही कहा ये

वाशिंगटन। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर कुछ अमेरिकी उत्पादों पर भारत द्वारा उच्च कर (टैक्स) का मुद्दा उठाया है। उन्होंने अगले साल सत्ता में वापस आने पर भारत को कर लगाने की धमकी दी है। गौरतलब है, अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले कार्यकाल के दौरान ट्रंप ने भारत को टैरिफ किंग बताया था। साल 2019 की मई में भारत की सामान्यीकृत प्राथमिकता प्रणाली (जीएसपी) को यह कहते हुए समाप्त कर दिया गया था और 200 प्रतिशत टैरिफ है।

वह बिना किसी टैरिफ के बेच...

उन्होंने कहा जैसा मैंने कहा, ताकि वे अपनी भारतीय मोटरसाइकिल बेच सकें। वे एक भारतीय बाइक बनाते हैं, जिसे हमारे देश में बिना किसी कर, बिना टैरिफ के बेच सकते हैं, लेकिन जब आप हार्ले बनाते हैं और आप इसे वहां भेजते हैं तो उच्च कर लगाया जाता है, क्योंकि वे कोई व्यवसाय नहीं कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मैं पूछना चाहता हूं कि आप भारत के साथ व्यापार कैसे नहीं करते?

भारत बहुत बड़ा

उन्होंने कहा कि टैरिफ इतना अधिक है कि कोई भी इसे नहीं चाहता। लेकिन वे चाहते हैं कि हम ऐसा करें। वे चाहते हैं कि हम वहां जाएं और एक संयंत्र बनाएं और फिर आपके पास कोई टैरिफ नहीं है। ट्रंप ने आगे कहा कि उनका कहना था कि यह अच्छा नहीं है। यह हमारा सौदा नहीं है। इस पर मैंने कहा ठीक है यह हमारा सौदा नहीं है। इसके बाद मैंने उन पर बहुत सख्ती की, लेकिन भारत बहुत बड़ा है। ब्राजील टैरिफ के मामले में बहुत बड़ा है, मेरा मतलब है, बहुत, बहुत बड़ा। हमारे पास कुछ लोग थे, जैसे पेनसिल्वेनिया नामक जगह का सीनेटर, जो मुझे बहुत पसंद है। लेकिन यह आदमी बहुत ही खतरनाक था।

ट्रंप ने पूछे सवाल

उन्होंने बताया कि मैंने कहा मैं आपसे एक प्रश्न पूछता हूं। यदि भारत हमसे 200 प्रतिशत शुल्क ले रहा है और हम उनसे उत्पादों के लिए कुछ भी शुल्क नहीं ले रहे हैं, तो क्या हम उनसे 100 प्रतिशत शुल्क ले सकते हैं? इस पर उसने कहा, नहीं सर, यह मुक्त व्यापार नहीं है। ट्रंप ने कहा कि मैंने आगे पूछा कि क्या हम उनसे 50 प्रतिशत शुल्क ले सकते हैं? इस पर भी कहा गया नहीं साहब। फिर मैंने कहा पच्चीस, 10 या कुछ भी? इस पर भी एक ही जवाब मिला, नहीं।

आप इसे प्रतिशोध कहें

ट्रंप ने कहा कि मैंने पूछा कि इसमें गलत क्या है? तो कहा गया कि कुछ गड़बड़ है। आप जानते हैं कि मैं किस बारे में बात कर रहा हूं। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि यदि भारत हम पर कर लगा रहा है तो मैं भी यही चाहता हूं। आप लोग इसे प्रतिशोध या जो भी चाहें कह सकते हैं।

र्नार्ड्डो अरेवालो होंगे ग्वाटेमाला के अगले राष्ट्रपति, पूर्व प्रथम महिला को दी शिकस्त

ग्वाटेमाला। बर्नार्डो अरेवालो ने ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति चुनाव में जीत दर्ज की है। ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति चुनाव के 95 प्रतिशत वोटों की गिनती हो चुकी थी, जिसमें से 59.1 प्रतिशत वोट बर्नार्डो अरेवालो को मिले हैं। बर्नार्डो अरेवालो ने पूर्व प्रथम महिला सांड्रा टोरेस को हराया, जिन्हें 36.1 प्रतिशत वोट मिले।

ग्वाटेमाला की जनता को बर्नार्डो ने दिया धन्यवाद

प्रोग्रेसिव मुवीमेंटो सेमिला पार्टी के उम्मीदवार बर्नार्डो अरेवालो एक पूर्व डिप्लोमैट रहे हैं। ग्वाटेमाला के इलेक्टोरल ट्रिब्युनल के अध्यक्ष इरमा पालेंसिया ने रविवार रात को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि आज, लोगों की आवाज बोली और यह साफ हो गया है कि अरेवालो बड़े अंतर से चुनाव जीत रहे हैं। अपनी जीत पर बर्नार्डो अरेवालो ने खुशी जाहिर की और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा कि 'लॉन्ग लिव ग्वाटेमाला (जुग जुग जिए ग्वाटेमाला)'

40 प्रतिशत मतदाताओं ने नहीं दिया वोट

ग्वाटेमाला के राष्ट्रपति एलेजांद्रो जियामातेई ने बर्नार्डो अलेवारो को जीत की बधाई दी। एक सोशल मीडिया पर पोस्ट पर कर एलेजांद्रो ने बताया कि उन्होंने सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू करने का आदेश दे दिया है। उल्लेखनीय है कि वोटों की गिनती के पहले राउंड में अरेवालो टोरेस से पीछे चल रहे थे लेकिन बाद में अलेवारो ने बढ़त बना ली। ग्वाटेमाला के इलेक्ट्रोरल ट्रिब्युनल ने बताया कि 24 प्रतिशत मतदाताओं के वोट निरस्त हुए और 40 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मतदान के अधिकार का इस्तेमाल ही नहीं किया।

दो पूर्व कर्मचारियों ने ही किया था एलन मस्क की कंपनी टेस्ला का डाटा लीक, 75 हजार लोग हुए प्रभावित

वाशिंगटन। एलन मस्क के स्वामित्व वाली कंपनी टेस्ला इंक के मई में हुए डाटा लीक से 75 हजार लोग प्रभावित हुए थे। इनमें कंपनी के कई वर्तमान और पूर्व कर्मचारी शामिल हैं। अब पता चला है कि कंपनी के कर्मचारियों ने ही यह डाटा लीक किया था। मेन अटॉर्नी जनरल के ऑफिस ने नोटिस जारी कर यह जानकारी दी है।

डाटा लीक से 75 हजार लोग हुए प्रभावित

बता दें कि बीती 10 मई 2023 को एक विदेशी मीडिया ने टेस्ला को बताया था कि उसके पास टेस्ला की गोपनीय सूचनाएं हैं।

इसके बाद जांच की गई तो पता चला कि इस डाटा लीक से 75,735 लोग प्रभावित हुए हैं, जिनमें कंपनी के कई वर्तमान और पूर्व कर्मचारी भी शामिल हैं। जांच में पता चला है कि कंपनी के दो पूर्व कर्मचारियों ने ही टेस्ला की आईटी सिक्योरिटी और डाटा प्रोटेक्शन का उल्लंघन कर डाटा को लीक किया और इसे मीडिया के साथ साझा किया।

टेस्ला ने दायर किया मुकदमा

टेस्ला ने इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। हालांकि इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। पुलिस ने आरोपियों के इलेक्ट्रोनिक डिवाइस को जब्त कर लिया है। टेस्ला ने अदालत से आदेश जारी कराया है कि अब कंपनी के पूर्व कर्मचारी के डाटा में सेंध नहीं लगा सकेंगे। इसका उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। टेस्ला के डाटा प्राइवेसी अधिकारी ने घटना पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा।